02 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 313


भूकंप से अफगानिस्तान में 800 मौतें, 2500 से ज्यादा हुए घायल











# चीन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के सामने पहलगाम हमले की निंदा हुई

- एससीओ सदस्य बोले, आतंकियों को सजा देना जरूरी
- मोदी-जिनपिंग-पुतिन साथ आये नजर, अमेरिका सकते में
- कार में पुतिन और मोदी की 45 मिनट तक गोपनीय बातचीत



एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। यहां पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गयी। एससीओ के घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आये। तीनों नेताओं ने काफी देर तक बातें कीं। वहीं, एक पल ऐसा भी आया, जब मोदी और पुतिन बात करते हुए गुजर रहे थे और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ उन्हें टकटकी लगाये देख रहे थे। गौरतलब है कि इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जतायी थी।

## यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार : नरेंद्र मोदी

तियानजिन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना पूरी मानवता की पुकार है। हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन दौरे के आखिरी दिन एससीओ की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए इसे आतंकवाद का सबसे बुरा रूप बताया। मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद को पिछले चार दशकों से झेल रहा है। प्रधानमंत्री ने सवाल उठाया कि कुछ देशों का आतंकवाद को खुला समर्थन कैसे स्वीकार किया जा रहा है।

## पुतिन और मोदी एक साथ पहुंचे

वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी एक ही कार में बैठकर द्विपक्षीय बातचीत के लिए पहुंचे। इस बैठक में पुतिन की आगामी भारत यात्रा पर चर्चा की गयी। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि बैठक से पहले दोनों नेताओं ने 45 मिनट तक कार में बैठकर गोपनीय बातचीत की थी। मॉस्को के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कार में हुई यह चर्चा शायद दोनों नेताओं के बीच सबसे अहम और गोपनीय बातचीत रही, जिसमें ऐसे मुद्दे शामिल थे जिन पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं की जानी थी।

# हम हाइड्रोजन बम के साथ तैयार : राहुल गांधी

- खड़गे ने छह महीने में सरकार गिरने का किया दावा
- तेजस्वी ने कहा, दो भाजपाई बिहारियों को ठगने निकले



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में 16 दिन चली राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में खत्म हुई। राहुल ने साढ़े तीन घंटे पटना में वोटर अधिकार मार्च निकाला। गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुबह 11 बजे मार्च की शुरुआत हुई, जो हाइकोर्ट के पास अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर खत्म हुई। इससे पहले राहुल-तेजस्वी के मार्च को डाकबंगला चौराहे पर रोक दिया गया। यहां जनसभा हुई। इसके लिए पहले से मंच तैयार था। राहुल गांधी ने यहां से केंद्र सरकार और भाजपा पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा पूरे देश को वोट चोर की सच्चाई पता लगने वाली है। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि मोदी सरकार छह महीने में गिर जायेगी।

**लोग बोल रहे 'वोट चोर, गद्दी छोड़':** राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए के लोग वोट चोरी कर जीत रहे। महाराष्ट्र में भी ये वोट चोरी कर जीते। देश ही नहीं, चीन में भी लोग बोल रहे हैं, 'वोट चोर, गद्दी छोड़।' उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा में भाजपा के लोग काले झंडे दिखा रहे हैं। भाजपा के लोग सुन लें, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है, वो आ रहा है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पायेंगे।

**लालू का बेटा एफआइआर से नहीं डरता :** सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि आज तक लालू यादव इनके आगे झुके नहीं, तेजस्वी भी नहीं झुकेगा। जब लालू जी इनके आडवाणी को गिरफ्तार करवा दिये, तो उनका बेटा तेजस्वी एफआइआर से डरने वाला नहीं है। हमारे तो भगवान का ही जन्म जेल में हुआ था। बिहार में जो सरकार चल रही है, यह डबल इंजन की सरकार है। इसका एक इंजन अपराध और दूसरा भ्रष्टाचार में लगा हुआ है। ये बिहारियों को ठगना चाहते हैं। बिहार उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाना जानता है।

**खड़गे ने कहा सतर्क रहने की जरूरत:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी वोट चोरी के जरिये बिहार में जीतने का प्रयास कर रहे हैं। आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## हमारा वोट संविधान की रक्षा करता है: हेमंत सोरेन

पटना (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' रैली में केंद्र सरकार को जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार एसआइआर के नाम पर लोगों के अधिकार छीन रही है। मतदाता सूची सत्तारूढ़ गठबंधन की इच्छा के अनुसार तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा वोट संविधान की रक्षा करता है। हेमंत ने एनडीए सरकार पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दलों से एकजुट रहने का आह्वान किया। हेमंत ने कहा कि भाजपा इडी, सीबीआइ और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है, जिससे वे डर जायें।

### अगर हम आज नहीं चेते तो फिर कभी चेत नहीं पायेंगे

हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर तीन तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि 'आज पटना में वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुआ हूं। आप सभी लोगों को इस चिलचिलाती धूप में इस यात्रा में शामिल होने के लिए बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यहां उपस्थित आप सभी लोगों से अपील करता हूं कि यह वोट किसी पार्टी का नहीं है। यह वोट देश का वोट है और इस वोट की ताकत से देश और संविधान बचता है, टूटता है। 2014 में कुछ चालाक-चतुर लोगों ने धनबल के दम पर सत्ता हासिल की। तब से देश को इन लोगों ने तबाह किया है। अगर हम आज नहीं चेते तो फिर कभी चेत नहीं पायेंगे।'

# झारखंड में नक्सली संगठन जेजेएमपी का वजूद समाप्त
# सुप्रीमो समेत नौ ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पण में कई इनामी नक्सली भी शामिल, हथियार के साथ आये



मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में सोमवार को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नौ उग्रवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इस आत्मसमर्पण के साथ ही लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। आत्मसमर्पण करने वालों में सब जोनल कमांडर रविंद्र यादव, अखिलेश यादव, बलदेव गंझू, मुकेश राम उर्फ कल्लू रवि और पवन उर्फ राम प्रसाद जैसे शीर्ष उग्रवादी शामिल हैं।

**आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी :** रविंद्र यादव (सब जोनल कमांडर, 14 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने दो एके 47, तीन राइफल और 1241 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया। अखिलेश यादव (सब जोनल कमांडर, 10 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने एक एके 47 और 256 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया। बलदेव गंझू (सब जोनल कमांडर, नौ मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने एक एके 47 के साथ आत्मसमर्पण किया। पवन उर्फ राम प्रसाद (सब जोनल कमांडर, तीन मामले दर्ज, तीन लाख रुपये का इनाम) ने एक राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। ध्रुव (एरिया कमांडर, तीन मामले दर्ज) ने एक राइफल के साथ, विजय यादव (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) एक राइफल के साथ, मुकेश राम उर्फ कल्लू रवि (सब जोनल कमांडर, 21 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम), श्रवण सिंह (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) एक एके 47, एक राइफल और 131 राउंड कारतूस के साथ और मुकेश गंझू (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) ने एक एके 47 राइफल और 154 राउंड कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया।

**नक्सलवाद सफाये के करीब हैं:** पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार ने कहा कि यह पुलिस की बड़ी उपलब्धि है और लातेहार में जेजेएमपी का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि साल 2025 में पूरे झारखंड को उग्रवाद और नक्सलवाद मुक्त करने का लक्ष्य है और पुलिस अब इसके बहुत करीब है। उन्होंने लातेहार पुलिस की सराहना की और कहा कि लातेहार में अब सीआरपीएफ की जरूरत नहीं है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक माइकल एस राज ने कहा कि शेष बचे हुए उग्रवादी सरेंडर कर दें, नहीं तो वे पुलिस की गोली की शिकार होंगे।

**आइजी ने सभी को दी बधाई:** पलामू आइजी सुनील भास्कर ने कहा एक ही संगठन से नौ लोग मुख्य धारा में लौटे हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं। सरकार जो भी उनके लिए व्यवस्था की है, वह सभी उन्हें दिया जायेगा। डीआइजी नौशाद आलम ने कहा कि पलामू रेंज के सभी पुलिस ऑफिसर सीआरपीएफ ऑफिसर और लातेहार की पुलिस सभी बधाई के पात्र हैं। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया।

## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री आज देंगे नियुक्ति पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नये सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग से जेइइ मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों और राज्य स्तर पर द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जायेगा।

# सेवानिवृत्ति के दिन फंसे बीसीसीएल के सीएमडी और वित्त निदेशक

- आउटसोर्सिंग टेंडर विवाद में ग्रेच्युटी रोकी गयी
- अधिकारियों पर चार्जशीट



सुनील भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के रिटायर सीएमडी समीरन दत्ता और रिटायर वित्त निदेशक आरके सहाय की ग्रेच्युटी पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। दोनों अधिकारी रविवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। कोयलांचल में इस कार्रवाई की खूब चर्चा है। दरअसल, बीसीसीएल में सेवानिवृत्ति के दिन ही अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्रेच्युटी भुगतान का प्रावधान है। बताया जा रहा है कि एक बहुचर्चित आउटसोर्सिंग कंपनी के टेंडर विवाद को लेकर दोनों अधिकारियों की ग्रेच्युटी पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। इन अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है कि इन्होंने सेवाकाल में अपने पद का गलत उपयोग करते हुए कोयला उत्खनन के लिए एक चर्चित आउटसोर्सिंग कंपनी को फायदा पहुंचाया।

**कारण बताओ नोटिस के जवाब के बाद कार्रवाई :** इस मामले की विजिलेंस जांच चल रही है। सीएमडी और वित्त निदेशक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। दोनों ने जवाब भी दिया, इसके बावजूद यह कार्रवाई की गयी है। अधिकारियों को चार्जशीट भी किया गया है। अब जब तक अधिकारियों को विजिलेंस से क्लीयरेंस नहीं मिल जाता, तब तक इनके ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। इन अधिकारियों को कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम कार्ड भी निर्गत नहीं किया जायेगा।

**आउटसोर्सिंग कंपनी से संबंधित टेंडर को लेकर जांच :** बीसीसीएल में एक बहुत बड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी से संबंधित टेंडर को लेकर जांच शुरू हुई है। कुछ बड़े अधिकारी भी इसके लपेटे में आ सकते हैं। बताया जाता है कि कोयला मंत्रालय ने पिछले दिनों दो आउटसोर्सिंग कंपनी के दो अलग-अलग मामलों में सर्वाधिक विचलन को मंजूरी देने को लेकर सीएमडी सहित आधा दर्जन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कहा जा रहा है कि जिस आउटसोर्सिंग कंपनी के टेंडर में विचलन का आरोप है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मोदी की कूटनीति ने बदल दी है विश्व व्यवस्था

## ■ चीन-जापान की यात्रा में प्रधानमंत्री ने दिखाया अपनी कूटनीति का दम

## ■ रूस-चीन के साथ बने त्रिकोण ने भारत की ताकत को कई गुना बढ़ाया

## ■ बेअसर साबित होने लगी है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ मिसाइल

**आजाद सिपाही विशेष**

**चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय कूटनीति ने वैश्विक मंच पर भारत की धमक को फिर से स्थापित किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी गर्मजोशी भरी मुलाकात ने न केवल ग्लोबल साउथ की एकजुटता को रेखांकित किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति को भी करारा जवाब दिया। मोदी की कूटनीति का महत्व इसी बात से प्रमाणित होता है कि जिस समय वह चीन और रूस के साथ मिल कर मैत्री के नये त्रिकोण को आकार देने में लगे थे, ठीक उसी समय अमेरिकी दूतावास की एक पोस्ट ने भारत-अमेरिका दोस्ती को '21वीं सदी की परिभाषित साझेदारी' बताया, जिसकी टाइमिंग ने कूटनीतिक हलकों में गंभीर चर्चा छेड़ दी है। एससीओ शिखर सम्मेलन में मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिस तरह पहलगाम हमले की निंदा साझा बयान में शामिल करवायी, वह उनकी वैश्विक ताकत और पाकिस्तान के लिए सीधा संदेश था। शी जिनपिंग के साथ बैठक में सीमा पर शांति, व्यापार असंतुलन और कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली पर सहमति बनी, तो पुतिन के साथ मुलाकात में रक्षा और व्यापार सहयोग को मजबूती मिली। यह तिकड़ी अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ वैकल्पिक व्यापार गलियारों और ब्रिक्स की ताकत को बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा थी। मोदी की चीन-जापान यात्रा और रूस-चीन के साथ मिल कर बनाये गये नये त्रिकोण ने वैश्विक व्यवस्था में वह बदलाव किया है, जिसने अमेरिका के टैरिफ हथियार को बेअसर करते हुए नयी व्यवस्था कायम की है। क्या है मोदी की कूटनीति का महत्व और भारत पर क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन यात्रा वैश्विक कूटनीतिक के परिदृश्य में एक निर्णायक पड़ाव साबित होने जा रही है। जापान में अभूतपूर्व निवेश वादों और चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी से यह साफ है कि भारत अब वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिति को नये सिरे से परिभाषित करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। खासकर उस समय में, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी तक के टैरिफ थोप दिये हैं, यह यात्रा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का ठोस प्रदर्शन प्रतीत होती है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दबाव की राजनीति के दौर में वह किसी एक ध्रुव पर टिकने वाला देश नहीं है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी स्वतंत्र पहचान रखता है। पीएम मोदी की यह यात्रा एशिया में भरोसे का विस्तार है, जिससे दुनिया के समीकरण बदल सकते हैं।

पूंजी, तकनीक और साझेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का पहला पड़ाव जापान रहा, जहां 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतिहास का सबसे बड़ा निवेश पैकेज घोषित हुआ। जापान ने अगले दस वर्षों में 10 ट्रिलियन येन (लगभग 68 अरब डॉलर) भारत में निवेश करने का वादा किया। यह घोषणा उस समय की गयी है, जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अस्थिर है और कई पश्चिमी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। ऐसे माहौल में जापान का भरोसा भारत के लिए केवल पूंजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास का प्रतीक भी है। जापान ने निवेश के अलावा सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव भी रखा है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों टिकी हुई है। भारत के लिए यह साझेदारी न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, बल्कि सप्लाई चेन के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी स्थिति को भी चुनौती दे सकती है। इस यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा आर्थिक और सुरक्षा दृष्टिपत्र भी जारी किया, जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि सुनिचित करने का वादा किया गया। जापान ने भारत के साथ मानव संसाधन सहयोग को भी प्राथमिकता दी है और आने वाले पांच वर्षों में पांच लाख भारतीयों और जापानियों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान का लक्ष्य रखा है। यह केवल सरकारी समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों समाजों को जोड़ने की कोशिश है, जो दीर्घकाल में रणनीतिक रिश्तों की सबसे मजबूत नींव साबित होगी।



### भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा पड़ाव चीन का तियानजिन रहा, जहां उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लिया। यह उनकी सात साल बाद चीन यात्रा थी। भारत और चीन के बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और तनावपूर्ण संबंधों के चलते संवाद लगभग ठप पड़ गया था। ऐसे में पीएम मोदी की यह यात्रा संबंधों में एक नये अध्याय की ओर संकेत करती है।

एससीओ शिखर सम्मेलन को चीन और रूस ने पश्चिमी देशों के प्रभाव को संतुलित करने के मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी ने इसे एक बड़ा कूटनीतिक आयोजन बना दिया। भारत की मौजूदगी ने इस मंच को अतिरिक्त महत्व दिया है, क्योंकि एशिया की राजनीति भारत के बिना अधूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एससीओ मंच पर अक्सर नतीजे प्रतीकात्मक ही रहते हैं। फिर भी भारत की उपस्थिति का संदेश साफ है कि वह केवल पश्चिमी ढांचे का हिस्सा बन कर नहीं चलेगा, बल्कि पूर्वी ध्रुवों के साथ भी संबंध मजबूत रखेगा। खासकर तब, जब अमेरिका-भारत व्यापारिक संबंधों में तनाव है। यह कदम भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण है।

### ट्रंप की मनमानी के बीच वैश्विक शक्ति संतुलन की नींव

पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे एक बड़ा संदर्भ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने फैसले भी हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। ट्रंप के इस मनमाने कदम के बाद जापान जैसे सहयोगियों से निवेश और तकनीकी साझेदारी भारत के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सामने आयी है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ाकर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।

### रणनीतिक स्वायत्तता : भारत की नयी विदेश नीति का स्वरूप

पीएम मोदी की इस यात्रा ने भारत की विदेश नीति को नये तरीके से परिभाषित किया है। विशेषज्ञ इसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के तौर पर देखते हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने की बजाय अपने हितों और प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध बनायेगा। भारत के लिए जापान के साथ तकनीकी सहयोग उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीन के साथ सीमा स्थिरता बनाये रखना। इसी तरह रूस के साथ ऊर्जा सहयोग पर निर्भरता भी वक्त की जरूरत है। इस संतुलन को साधना आसान नहीं है, लेकिन यही रणनीतिक स्वायत्तता की असली कसौटी है।

### भविष्य की राह : चुनौतियां और संभावनाएं

आने वाले वर्षों में जापान के 10 ट्रिलियन येन निवेश से भारत में नये सेमीकंडक्टर कारखाने, तकनीकी पार्क और औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। इसी तरह चीन के साथ भारत का सहयोग भी दूरगामी परिणामों की आधारशिला साबित हो सकता है। हालांकि सीमा विवाद और भू-राजनीतिक अविश्वास ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता, फिर भी व्यापार और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का रास्ता दोनों देशों के लिए व्यावहारिक विकल्प है। क्वाड जैसे मंचों का भविष्य भी इस संदर्भ में अहम है। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद क्वाड एक मजबूत संरचना के रूप में उभर सकता है। जापान और भारत की नजदीकी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसके लिए चारों देशों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक रणनीति आवश्यक होगी।

### शक्ति संतुलन का निर्णायक सूत्रधार बना भारत

पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है। जापान के साथ तकनीकी और निवेश सहयोग, चीन में एससीओ मंच पर वापसी और अमेरिका से बढ़ते तनावों के बीच नयी राह तलाशना, ये सभी घटनाएं मिलकर भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की कहानी कहती हैं। यह दौरा इस बात का संकेत है कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक कूटनीति नहीं, बल्कि सक्रिय और पहल करने वाली कूटनीति का प्रयोग करने में विश्वास रखता है। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत केवल एक दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि अपनी भूमिका इस तरह गढ़ने जा रहा है कि आने वाले वर्षों में वह एशिया और विश्व राजनीति, दोनों को नयी दिशा देने में सक्षम हो।

---

## पप्पू यादव को फिर नहीं मिली राहुल के मंच पर जगह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार में 17 अगस्त से शुरू हुई राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का समापन पटना में सोमवार को हुआ। इस दौरान आयोजित सभा में इंडिया गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों के दिग्गज नेता शामिल हुए। पहले पटना की सड़कों पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे और मुकेश सहनी समेत कई दिग्गजों ने मार्च किया। फिर डाकबंगला चौराहे पर बने मंच पर तमाम नेताओं ने भाषण दिया। लेकिन इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पूर्णिया से सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव मंच पर नजर नहीं आये, बल्कि मंच के नीचे साउंड सिस्टम वाले के पास कुर्सी पर थकान मिटाते और कोल्ड ड्रिंक पीते दिख रहे हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें बीते दिनों जब राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा पूर्णिया होते हुई निकली थी, तो पप्पू यादव भी राहुल-तेजस्वी की जीप पर सवार हुए थे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ में भी कसीदे पढ़े थे, लेकिन वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में वह मंच पर कहीं नहीं दिखे।

## एटम बम तो पटाखा भी नहीं निकला, हाइड्रोजन बम क्या फोड़ेंगे: रविशंकर


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'हाइड्रोजन बम' वाले बयान पर भाजपा ने पलट वार किया है। भाजपा सांसद और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि अगर चुनाव को लेकर कर्नाटक की गणना को लेकर उनका दावा एटम बम था, तो वह तो दिवाली का पटाखा भी साबित नहीं हुआ, तो क्या हाइड्रोजन बम की बात कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को गैर-जिम्मेदार बताते हुए कहा कि जब भी मैं संसद के बाहर या अंदर राहुल को सुनता हूं, तो मुझे यह समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं? राहुल के बयान का हवाला देते हुए रविशंकर ने कहा कि अभी तक दुनिया में हाइड्रोजन बम नहीं फटा है। एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनावों से क्या संबंध है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में खुद को क्यों नीचा दिखा रहे हैं। देश को समझना चाहिए कि राहुल गांधी गैर-जिम्मेदार हैं।

## बिहार एसआइआर: दावा-आपत्ति के खेल में भाजपा भी उतरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद एक अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावा और आपत्ति के खेल में भाजपा भी कूद गयी है। भाजपा ने 31 अगस्त की सुबह 10 बजे से एक सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच 16 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटने का आवेदन दिया है। पार्टी ने राज्य में 53338 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बनाये हैं, लेकिन पिछले 30 दिनों में उसकी तरफ से कोई आपत्ति या दावा दर्ज नहीं किया गया था। इस काम के लिए एक सितंबर आखिरी दिन था। भाजपा तब हरकत में आयी है, जब आखिरी दो दिन बचे थे। आयोग को अब तक कुल 144 आवदेन निर्धारित प्रपत्र में मिले हैं, जिनकी गिनती का अपडेट वह हर रोज जारी करता है।

चुनाव आयोग ने हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह नामांकन के आखिरी दिन तक दावा और आपत्ति लेता रहेगा और सही होने पर फाइनल वोटर लिस्ट को अपडेट कर देगा। कुछ विपक्षी दल एक सितंबर की डेडलाइन को दो सप्ताह बढ़ाने की अपील लेकर सुप्रीम कोर्ट गये थे, लेकिन आयोग ने ही जब कोर्ट को भरोसा दे दिया कि वह दावा और आपत्ति नामांकन के अंतिम दिन तक लेगा, तो कोर्ट ने इस पर कोई आदेश नहीं दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी बिहार में राजनीतिक दलों पर नाम जोड़ने या हटाने की कोई जल्दबाजी नहीं दिख रही है। कोर्ट ने इससे पहले की सुनवाई में पूछा था कि राजनीतिक दलों के बीएलए क्या कर रहे हैं, क्यों वे प्रभावित वोटरों की मदद नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के लिए 12 राष्ट्रीय और प्रांतीय दलों ने 1.60 लाख से ऊपर बीएलए बनाया है। अदालत ने पार्टियों की उदासीनता के मद्देनजर आज बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिये पैरा-लीगल स्वयंसेवकों को वोटरों की मदद में उतारने का आग्रह किया है। विपक्षी खेमे में राष्ट्रीय जनता दल के दावा और आपत्ति की संख्या दो दिन से 10 पर ही अटकी है। भाकपा-माले भी 118 से आगे नहीं बढ़ पायी है। यह हाल तब है, जब राजद नेता तेजस्वी यादव ने डेडलाइन से सात दिन पहले 25 अगस्त को वीडियो संदेश जारी कर अपील की थी कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दावा और आपत्ति के काम में जुट जायें। किसी भी वोटर का नाम गलत ना कटे और नये वोटर का नाम जुड़वाया जाये, जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गयी है, लेकिन उसका कोई खास असर दिख नहीं रहा। कुल 144 दावा और आपत्ति में राजद ने 10 नाम जोड़ने, जबकि भाकपा-माले ने 15 नाम जोड़ने और 103 नाम हटाने का आवेदन दिया है।

## वोट अधिकार यात्रा का बिहार की जनता से रिश्ता नहीं : जायसवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने विपक्षी दलों की मतदाता अधिकार यात्रा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से बिहार के आम मतदाताओं का कोई लेना-देना नहीं है। यह सिर्फ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम बनकर रह गया है, जिसमें वे अपने-अपने नेताओं का स्वागत करने के लिए सड़क पर उतरे। दिलीप जायवाल ने आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे गये। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सत्ता और मंच के लिए विपक्षी दलों के नेताओं की बेचैनी इतनी बढ़ गयी है कि वे किसी दिवंगत मां के बारे में इस तरह की अपमानजनक बातें करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह न सिर्फ लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक मूल्यों पर भी आघात है। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि जनता ऐसे बयानों को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, बिहार की जनता सब देख रही है. परिवार और मातृत्व पर हमला करने वालों को जनता चुनाव में जवाब देगी। विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में नाकाम रहा है, इसलिए अब वह निजी हमलों और अनर्गल बयानबाजी पर उतर आया है।

जायवाल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार के विकास की दिशा तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के बूते जनता के बीच जायेगी और विपक्ष के झूठ और अपमानजनक राजनीति का करारा जवाब देगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान साफ करता है कि मतदाता अधिकार यात्रा को लेकर सियासी बयानबाजी और तेज होगी। जहां इंडिया गठबंधन इसे जनता की आवाज बता रहा है, वहीं भाजपा इसे सिर्फ राजनीतिक नौटंकी करार दे रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.31 बजे |



# संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक हैं लालू : हेमंत सोरेन

**सीएम हेमंत सोरेन ने पटना में की लालू प्रसाद यादव से भेंट**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लालू प्रसाद यादव का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालू प्रसाद यादव संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब,पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं। दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेजी से संभव हो सकेगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए हेमंत सरकार ने शुरू की पहल

## संविदा, दैनिक भत्ता और आउटसोर्सिंग पर हैं 1.60 लाख कर्मचारी

**संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आकलन करने की जिम्मेदारी 6 पदाधिकारियों को दी गयी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लंबे समय से संविदा पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने ऐसे कर्मचारियों की अद्यतन स्थिति और नियमितीकरण पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ का आकलन शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में वित्त विभाग ने गठित समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारियों को नामित किया है।

राज्य सरकार के संयुक्त सचिव राजेश बाखला के हस्ताक्षर से जारी पत्र के अनुसार संबंधित विभाग बैठक की तिथि, स्थान और समय की सूचना वित्त विभाग के संबंधित पदाधिकारी को उनके कार्यालय के पते पर ससमय भेजेंगे, साथ ही अपने अधीनस्थ राज्य स्तरीय कार्यालय को इस पत्र की एक प्रति भेजते हुए निर्देशित करेंगे। जारी पत्र के अनुसार संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, मंत्रिमंडल विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं अनिल कुमार यादव को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, ऊर्जा विभाग, वाणिज्यकर विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और ग्रामीण विभाग दिया गया है। इसी तरह से राज्य सरकार के सभी 42 विभागों में संविदा और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आकलन करने की जिम्मेदारी 06 पदाधिकारियों को दी गयी है। राज्य सरकार के कार्यालयों में करीब 1.60 लाख ऐसे कर्मचारी हैं जो या तो संविदा पर हैं या दैनिक भत्ता या आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे हैं। इनकी सेवा सचिवालय से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर स्थित सरकारी कार्यालय में ली जाती है। जाहिर तौर पर इन कर्मचारियों में सरकार के द्वारा नियमितीकरण के लिए की गयी पहल से खुशी है। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि लंबे समय से ये कर्मचारी अपनी सेवा देते रहे हैं और महासंघ के द्वारा लगातार मांग की जाती रही है। ऐसे में सरकार के द्वारा की जा रही इस पहल से हमें उम्मीद है कि दशहरा और दीपावली इस बार इन कर्मचारियों के लिए खास होगा। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के द्वारा जिस तरह से पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है और निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपे, इससे लगता है कि सरकार इस मामले में गंभीर है और इसका परिणाम सुखद होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — क्रोध-जोश-उत्तेजना की अधिकता नियंत्रित करना उचित होगा. आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा
- **वृष** — समाज में मान-सम्मान रहेगा, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा
- **मिथुन** — आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** — क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आशंका।
- **कन्या** — नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना, आर्थिक लाभ, परिवार में सुख-शांति का वातावरण।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा।
- **धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कुंभ** — व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।
- **मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# महिला दारोगा मीरा सिंह पर इडी ने कसा शिकंजा, मनी लांड्रिंग में बनाया अभियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना ओपी की पूर्व प्रभारी दारोगा मीरा सिंह की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। इडी ने उन्हें कांड संख्या इसीआइआर 8/2025 में अभियुक्त बनाते हुए प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल की है। हालांकि फिलहाल विशेष पीएमएलए कोर्ट ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। कोर्ट ने 17 सितंबर को मामले की सुनवाई तय की है। इडी ने मार्च 2024 में मीरा सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 12.50 लाख रुपये नकद और आठ मोबाइल फोन बरामद किये गये थे। पूछताछ में वह रुपयों के स्रोत को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पायीं।

गौरतलब है कि मीरा सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। खूंटी में पदस्थापन के दौरान एसीबी ने उन्हें 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। उसी केस को आगे बढ़ाते हुए इडी ने अब मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। जानकारों के मुताबिक, यह पहला मामला है जब किसी पुलिस अधिकारी को इडी ने अभियुक्त बनाया है। एसीबी के केस में वह जमानत पर बाहर हैं, लेकिन इडी की कार्रवाई से उनकी कानूनी परेशानी और बढ़ गयी है।

# संत जेवियर कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की पहचान छत्तीसगढ़ की रहने वाली के रूप में हुई है, जो रांची के संत जेवियर कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। सोमवार को छात्रा अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। हॉस्टल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इस नोट में छात्रा ने अपनी आत्महत्या का कारण घरेलू परेशानियों और पारिवारिक विवादों को बताया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।







# भाजपा झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी और जनता के सामने सच लाती रहेगी : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पटना की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति को अपनी सत्ता को बचाये रखने का प्रयास बताया। प्रतुल ने कहा वस्तुतः वह इंडी एलायंस की सभा में नहीं गये थे, बल्कि झारखंड में अपनी सत्ता कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य था। प्रतुल ने अभिव्यक्ति को लेकर भी उन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वहां एसआइआर का अर्थ स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बजाय स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन बता दिया। ऐसा उन्होंने अपने भाषण के दौरान चार बार किया। यह साबित करता है कि हेमंत सोरेन को हर चीज में केवल परसेंटेज और इंसेंटिव ही दिखायी देता है। झारखंड के मुख्यमंत्री की सोच किस मानसिकता से ग्रसित है, यह उनकी जुबान से बार-बार झलकता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को इंडी गठबंधन ने बिहार में एक भी सीट नहीं दी। बड़े बे-आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम की कहावत इस पर पूरी तरह सटीक बैठती है। इनको बैठकों में निमंत्रण भी नहीं मिला। फिर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी यात्रा में शामिल हुए। यह झारखंडी अस्मिता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होकर हेमंत सोरेन ने यह भी दिखा दिया कि सत्ता के लोभ में वे अपना अतीत भी भूल गये हैं। कांग्रेस ने ही उनके पिता, स्वर्गीय शिबू सोरेन जी को दो-दो बार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजा था। जेल में उनका प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था। आज उसी कांग्रेस के साथ कदमताल करना झारखंड की जनता के साथ भी अन्याय है और अपने पूर्वजों की विरासत का अपमान है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अब झारखंड की जनता झामुमो के असली चेहरे को पहचान चुकी है। भाजपा झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी और जनता के सामने सच लाती रहेगी।

# भाजपा जान ले अब जनता उनके धनबल, इडी, सीबीआइ और इनकम टैक्स जैसे हथकंडों से डरने वाली नहीं : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि पटना की ऐतिहासिक रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ-साफ कहा कि यदि वे जेल से बाहर रहते तो भाजपा झारखंड में लोकसभा चुनाव में खाता तक नहीं खोल पाती। यह बात विपक्ष की ताकत और भाजपा के भय को उजागर करती है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में स्पष्ट कर दिया कि यह संघर्ष किसी पार्टी का नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का है। जब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आये और उनकी अगुवाई में इंडिया गठबंधन को झारखंड में जनता ने 2024 के विधानसभा चुनाव में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। पूर्ण बहुमत की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरकर जनभावनाओं के अनुरूप शासन कर रही है और यही बात विरोधी भाजपा को नहीं पच रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं को अब यह समझ लेना चाहिए कि जनता उनके धनबल, इडी, सीबीआइ और इनकम टैक्स जैसे हथकंडों से डरने वाली नहीं है। हेमंत सोरेन ने रैली से स्पष्ट संदेश दिया कि आदिवासी, दलित, किसान और पिछड़े वर्गों की आवाज को दबाने वाली भाजपा की साजिश अब बेनकाब हो चुकी है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं को झूठे आरोप और शब्दों की तोड़मरोड़ कर सियासत करनी पड़ रही है। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाषण में किसी शब्द की पुनरावृत्ति पर बयान जारी कर भाजपा अपनी सोच और मानसिकता को दिखाता रही है। असल मुद्दों पर बात करने के बजाय भाजपा झूठ और अफवाह परोस रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नेतृत्व झारखंड की अस्मिता और हक की रक्षा का प्रतीक है। जनता सब समझ रही है और आने वाले समय में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# उपायुक्त ने छह अनुकंपा आधारित आश्रितों को सौंपा नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत छह आश्रितों को चौकीदार के पद पर नियुक्ति का पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने नवनियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी पूर्ण रवैया अपनाने को कहा। साथ ही उन्हें किसी प्रकार का नशा नहीं करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आप सभी को स्वयं किसी भी परिस्थिति में नशे का सेवन नहीं करना है और न ही किसी को इसके लिए प्रेरित करना है। नशा समाज, विशेषकर युवाओं के लिए एक अभिशाप है, जो न केवल व्यक्तियों को बर्बाद कर रहा है, बल्कि उनके परिवारों को भी आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर रहा है। नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, जिससे समाज में असंतुलन पैदा हो रहा है। उन्होंने चौकीदारों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, इमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की। साथ ही कहा कि आप सभी को जो अवसर प्राप्त हुआ है, उसे एक जिम्मेदारी के रूप में लें और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी मेहनत और लगन से निभाएं। अनुकंपा आधारित नियुक्ति के अंतर्गत जिन छह आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें शांति खलखो, ग्राम- बेड़ो टिकरा टोली, गणेश चंद्र, ग्राम-अंबाझरिया, अनगड़ा, संजय मुंडा, ग्राम-जोन्हा, अनगड़ा, महरा भोगता, ग्राम-मुरेठा, पिठोरिया, प्रभी देवी, ग्राम- पेडाइडीह, तमाड़, सलीम अंसारी, ग्राम-बोबरो, नेरकोपी शामिल हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री को नेता प्रतिपक्ष ने लिया निशाने पर

# सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पानी नहीं : बाबूलाल मरांडी

**इरफान अंसारी जनता को दिखा रहे रिम्स टू बनाने का सपना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को निशाने पर लिया है। कहा है कि पहले दवाइयां, फिर कफन और अब राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मरीजों को पानी भी बाहर से खरीदना पड़ रहा है, और स्वास्थ्य मंत्री जी चले हैं रिम्स-2 बनाने। हालात यह हैं कि झारखंड की जनता के स्वास्थ्य को सरकार ने झूठी घोषणाओं और वादों की आड़ में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीज पीने के पानी के अभाव में परेशान हैं, और मजबूरी में उन्हें बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इतने बड़े अस्पताल की इस हालत के लिए ज़िम्मेदार किसे ठहराएंगे स्वास्थ्य मंत्री। इसका एक समाधान यह भी हो सकता है कि रिम्स का नाम बदल दीजिए और जो आपके राजनीतिक तुष्टिकरण के सांचे में फिट हो, वही नाम रख दीजिए- क्या पता हालात सुधर जायें। क्योंकि इस सरकार को तो यही लगता है कि सुविधाओं की नहीं, नाम सुधारने की जरूरत है। हर असुविधा पर लापरवाही का बहाना तैयार रखना इस सरकार के मंत्रियों की आदत बन चुकी है- चाहे वह खाट एंबुलेंस जैसी शर्मनाक व्यवस्था को सही ठहराना हो या अस्पताल की छत गिरने की घटना को दबाना। अब सवाल ये है कि- राज्य के सबसे बड़े अस्पताल में पेयजल के अभाव के लिए क्या बहाना देंगे, स्वास्थ्य मंत्री जी।

**यूरिया की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रांची सहित पूरे झारखंड में यूरिया खाद की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। भ्रष्ट अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से खाद की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसके कारण किसानों को समय पर आवश्यक मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसानों ने संपर्क कर बताया है कि यूरिया की कमी के कारण वे अपनी फसलों में समय पर खाद नहीं डाल पा रहे हैं। धान की फसल पोषण के अभाव में कमजोर पड़ रही है और उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। किसानों की चिंता है कि यदि यही स्थिति रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। सीएम से कहा कि बिचौलियावाद को समाप्त कर किसानों तक सीधे और पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।


## महत्वपूर्ण खबरें

### दीपमाला घोष ने मुख्य महाप्रबंधक का पदभार संभाला



रांची (आजाद सिपाही)। दीपमाला घोष ने नाबार्ड, झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। वर्ष 1996 में नाबार्ड से अपने करियर की शुरूआत करने वाली दीपमाला घोष को लगभग तीन दशकों का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने नाबार्ड के विभिन्न कार्यालयों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इनमें बिहार क्षेत्रीय कार्यालय, प्रधान कार्यालय (मुंबई), चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल तथा लखनऊ स्थित बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट शामिल हैं। नाबार्ड प्रधान कार्यालय में उन्होंने सूक्ष्म वित्त नवाचार विभाग में कार्य करते हुए सूक्ष्म वित्तीय हस्तक्षेपों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। वहीं बीआइआरडी में रहते हुए उन्होंने वित्तीय समावेशन और सूक्ष्म वित्त पर अनुसंधान केंद्र तथा एप्राका सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नेतृत्व किया। अपने नये दायित्व से पूर्व वे नाबार्ड, पश्चिम बंगाल क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थीं। झारखंड में जन्मी दीपमाला घोष का राज्य से गहरा लगाव है। वित्तीय समावेशन, सूक्ष्म वित्त और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव और नेतृत्व से राज्य में नाबार्ड की पहलों को और सशक्त बनाने की उम्मीद है।

### झारखंड हिंदी साहित्य भारती की ओर से 21 सितंबर को होगा कार्यक्रम का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। हिंदी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश की ओर से आगामी 21 सितंबर को रांची प्रेस क्लब में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह निर्णय सोमवार को संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर हिंदी भाषा के गौरव, इसकी समृद्ध परंपरा और वैश्विक महत्व को रेखांकित करने वाला प्रेरणादायी अवसर बने। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य भारती का उद्देश्य हिंदी को राष्ट्र की आत्मा के रूप में स्थापित करना और नयी पीढ़ी को इसके महत्व से जोड़ना है। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की अपील की। बैठक में यह भी तय किया गया है कि आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए सभी स्तरों से सक्रिय सहयोग लिया जायेगा। इससे कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सके। वर्चुअली हुई इस बैठक से प्रदेश महामंत्री डॉ. सुनीता कुमारी, प्रदेश प्रभारी डॉ. अरुण सज्जन, बलराम पाठक, डॉ. आशा गुप्ता, नीरज पाठक, वंदना श्रीवास्तव, अनुज पाठक, डॉ. अंजना वर्मा, नरेश बंका सहित प्रदेश और जिला स्तर के बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए।

### लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा पर बोला हमला



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा नेताओं पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को संविधान और लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। रांची में कांग्रेस दफ्तर के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को उन्होंने लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में जिस व्यक्ति को लेकर प्रदर्शन हो रहा है। उसे 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया है, और उसका कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा नेताओं की संविधान में कोई आस्था नहीं है। उन्हें भारत के लोकतंत्र पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि ये वो लोग हैं, जो ना संविधान मानते हैं, और ना ही लोकतंत्र में उनकी कोई आस्था है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने रांची में कांग्रेस दफ्तर के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह के हमले की कोई जगह नहीं है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विशेष संगोष्ठी का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के प्राणीशास्त्र एवं बीएफएससी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध, तकनीकी प्रगति तथा सतत विकास के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ताके रूप में आइसीएआर - सेंट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट, बैरकपुर, कोलकाताके वरिष्ठ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एके दासने अपने विचार प्रस्तुत किये। अपने व्याख्यान में डॉ. दास ने अंतरदेशीय मत्स्य संसाधनोंकी वर्तमान स्थिति, उनके संरक्षणकी आवश्यकता और सतत विकास से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को मत्स्य विज्ञान में उपलब्ध आधुनिक अनुसंधान तकनीकोंजैसे—जलीय जीव विविधता संरक्षण, मत्स्य प्रजनन तकनीक, मत्स्य पालन प्रबंधन एवं उन्नत अनुसंधान उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में करियर संभावनाओं और शोध अवसरोंपर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्नातक एवं शोधार्थी छात्र-छात्राओंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राणी-विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सजलेंदु घोष ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

# जनगणना कॉलम में कुड़मी जाति और कुड़माली भाषा का हो कॉलम : डॉ लंबोदर

**राज्यपाल से मिलकर की मांग, कुड़माली से शोध कार्य में हो रही परेशानी की ओर ध्यान कराया आकृष्ट**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से मिल कर उनका ध्यान कुड़माली भाषा के संवर्धन, संरक्षण एवं विकास की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने उनसे जनगणना में जनजाति नाम कुड़मी एवं भाषा नाम कुड़मालि हेतु कॉलम करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कुड़मालि भाषा को 8वीं अनुसूची में व कुड़मी को जनजाति सूची में शामिल करने की भी मांग की है। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड में कुड़माली भाषा बोलने वालों की संख्या 70 प्रतिशत से ज्यादा है। यहां की जनजाति कुड़मी की मातृभाषा अतिप्राचीन काल से रही है, लेकिन अति दुःख की बात है कि 1951 की जनगणना से ही इसका कोड विलुप्त कर दिया गया। उन्होंने राज्यपाल से कुड़माली भाषा-साहित्य में नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण किये हुए छात्रों को पीएचडी में पंजीकरण बनवाने में आ रही विसंगतियों पर चर्चा करते हुए सात बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हूए उनसे छात्र हित में कुड़मालि विषय में नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को रांची विश्वविधालय के मानविकी संकाय के शिक्षक/शिक्षिका के शोध निर्देशन में पीएचडी शोध कार्य करने और धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में सह निर्देशक की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए केवल मानविकी संकाय के शोध निर्देशक के बदौलत कुड़मालि विषय में पीएचडी शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। राज्यपाल से मिलने वालों में दीपक पुनअरिआर, डॉ उषा किरण, जगदानंद महतो, मुकेश महतो, आयुष नंदन, अभिषेक कुमार एवं मुकेश कुमार महतो शामिल थे।

# भजनों से गूंजा श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री राधा अष्टमी के अवसर पर एक दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार एवं राधा कृष्ण का झूलन, भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। ट्रस्ट द्वारा 225वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। 151 किलो दूध का केसरिया खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का भोग 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम में दुर्गा जागरण मंडली एवं ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा संगीतमय भजन-जागरण का आयोजन किया गया। इसमें श्री राधा-कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया गया। श्याम तेरे राधा दीवानी 'राधा रानी लागे प्यारी जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। मधुर संगीत, ढोलक की थाप और करताल की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजन कार्यक्रम के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों दीपों से भगवान को आरती अर्पित की गयी। पूरे मंदिर परिसर में जय राधे के जयकारों की गूंज से एक दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ। इस शुभ अवसर पर महाप्रसाद का विशेष आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि प्रणामी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के सह संरक्षक विजय कुमार अग्रवाल, निर्मल छावनिका, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, सुरेश चौधरी, विशाल जालान, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, विशाल अग्रवाल, संजय सिंघानिया, सुशील नारसरीया, सुनील पोद्दार, महेश पोद्दार, महेंद्र अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, बिमला जालान, प्रमिला परोहीत, सरोज पोद्दार, उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल, आशा मुंजाल, आशा सिंह, आशा मिश्रा,नन्द रानी पाठक, सविता देवी, दीपिका मोतिका, कविता गाडोदिया, निकिता अग्रवाल और मंगला मोदी उपस्थित थे।

# फादर कामिल बुल्के की जयंती मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संट जेवियर्स कॉलेज में सोमवार को डॉ फादर कामिल बुल्के की जयंती शोध दिवस के रूप में मनायी गयी। मौके पर पद्मभूषण फादर कामिल बुल्के की उपलब्धियां और शोध के प्रति लगाव का व्याख्यान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ फादर निकोलस टेटे, एसजे ने वर्तमान शोध की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए बताया कि शोध केवल अकादमिक जरूरत नहीं, बल्कि जीवन भर की बौद्धिक सच्चाई और संस्थागत उत्कृष्टता है। प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भी अपने वक्तव्य में प्राध्यापकों को शिक्षण के साथ शोध की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कॉलेज की वार्षिक शोध पत्रिका 'क्वैडरेंट' का विमोचन किया गया और जून 2022 से अगस्त 2025 तक शिक्षकों द्वारा किये गये शोध के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर सुधीर मिंज, एसजे, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा उपस्थित रहे। संचालन डॉ अनन्या बोस और एंजेलिन टोप्पो ने किया। समापन रजिस्ट्रार डॉ फादर केनेडी सोरेंग, एसजे के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर समीक्षा बैठक

# 50 प्रतिशत राशि का खर्च अक्टूबर के मध्य तक सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

**50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद केंद्र से मिलेगी 1020.27 करोड़ की बकाया राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने स्वास्थ्य मद में 15वें वित्त आयोग की 50 प्रतिशत राशि का खर्च अक्टूबर के मध्य तक सुनिश्चित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से 1020.27 करोड़ की बकाया राशि पर दावा किया जा सकता है। इसे लेकर उन्होंने उपायुक्तों को मिशन मोड में तत्परता से कार्य करने पर बल दिया। इसके लिए एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया, ताकि यह पता चलता रहे कि आगे कैसे बढ़ना है। मुख्य सचिव सोमवार को अपनी अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं। मुख्य सचिव ने कहा कि जहां भवन का निर्माण हो चुका है, वहां जरूरी स्वास्थ्य सुविधा मुख्यालय से प्राप्त कर उसे क्रियाशील करें। इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के दौरे के क्रम में उन्होंने कई जगह देखा कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन बन गया है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधा बहाल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भवन बना है, तो उसका उपयोग भी सुनिश्चित होना चाहिए। उपायुक्त जरूरी सुविधा मुहैय्या कराते हुए उसे चालू करायें, ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। जहां निर्माण पूर्ण हो चुका है, उसका भुगतान करने और डाटा को अद्यतन करने को कहा। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जरूरत महसूस होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें और समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं। वहीं इस कार्य के सफल और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर जिलों में प्रतिनियुक्त तकनीकी कर्मियों को अपने नियंत्रण में लेकर उपायुक्तों को काम लेने का निर्देश दिया। उपायुक्तों ने मुख्य सचिव को बताया कि बारिश के कारण काम में थोड़ा विलंब हुआ है, लेकिन 15 अक्टूबर तक स्वास्थ्य मद की 50 प्रतिशत राशि का काम हो जायेगा।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### भारतीय रेल और एसबीआइ के बीच समझौता ज्ञापन




कोलकाता (आजाद सिपाही)। वर्तमान में, रेलवे कर्मचारियों को सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाई ग्रुप इंश्यूरेंस स्कीम के अंतर्गत कवर किया गया है, जिसमें सेवा के दौरान मृत्यु होने पर बीमा कवर ग्रुप सी के लिए 30 हजार, ग्रुप बी के लिए 60 हजार एवं ग्रुप ए के लिए 1.20 लाख है। रेलवे के अधिकतम कर्मचारी/फ्रंटलाइन कर्मचारी ग्रुप सी श्रेणी में आते हैं। 30 हजार का बीमा कवरेज मृतक कर्मचारी के आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए अपर्याप्त माना जाता है। एसबीआइ के साथ प्रस्तावित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, जिन रेलवे कर्मचारियों का वेतन खाता एसबीआइ में है, उन्हें बिना किसी प्रीमियम के निम्नलिखित बीमा सुरक्षा प्राप्त होगी: दुर्घटना मृत्यु (ड्यूटी पर या ड्यूटी से बाहर) की स्थिति में ?1 करोड़ का बीमा कवर। वर्तमान में लगभग 7 लाख रेलवे कर्मचारियों के एसबीआइ में खाते हैं। एमओयू के दिन 7 लाभार्थियों को ?1 करोड़ के बीमा दावे ऑनलाइन माध्यम से वितरित किये जायेंगे। प्रतीकात्मक चेक एसबीआइ के चेयरमैन द्वारा प्रदान किया जायेगा। (हाल ही में अगस्त 2025 के अंतिम सप्ताह में 4 ऐसे दावे वितरित किये जा चुके हैं)। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में ?10 लाख का बीमा कवर - बिना प्रीमियम और बिना किसी मेडिकल जांच के। यह सभी लाभ रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत प्रदान किये जायेंगे, और अन्य सरकारी योजनाओं/बीमा योजनाओं के अतिरिक्त होंगे जिनका कर्मचारी पहले से लाभ उठा रहे हैं।

### राम लखन सिंह यादव कॉलेज में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के अखड़ा में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग, राष्ट्रीय सेवा योजना और जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो मौजूद रहे। सभी शिक्षकों के साथ उन्होंने अखड़ा की पूजा की। इस अवसर पर उनका सम्मान भी किया गया। करम पर्व का संदेश देते हुये उन्होंने कहा कि करम पर्व प्रकृति और आदिवासी संस्कृति के मध्य मधुर संबंध का प्रतीक है। यह पर्व भाई बहन के स्नेह संबंध को भी याद करने का पर्व है। इस अवसर पर मुंडारी, कुड़ुख, नागपुरी, खोरठा और कुरमाली भाषा के विद्यार्थियों ने करम गीत गाये और नृत्य किये। कॉलेज के टीआरएल विभागाध्यक्ष डॉ अजीत मुंडा ने करम संदेश दिया और बताया कि आज करम पूर्व संध्या पर आदिवाणी का उद्घाटन हो रहा है, जो आदिवासी भाषा के विकास में अहम भूमिका दर्ज करेगी। आदिवाणी एक एआई ऐप है। कार्यक्रम के अंत में मांदर और नगाड़ा की ताल में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने साथ में नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीष चंद्र टुडू और डॉ नीलू कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ भुवनेश्वर महतो ने किया।

### देवी-दर्शन वैष्णो धाम में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक समारोह का आयोजन होगा

रांची (आजाद सिपाही)। देवी-दर्शन वैष्णो धाम में 14वां सामूहिक सहस्त्राधिक कलश स्थापना महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जायेगा। यह 11 दिवसीय महोत्सव समस्त जनकल्याण के उद्देश्य से दिव्यता और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम होगा। कार्यक्रम में 1111 कलशों की स्थापना के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें श्री वैष्णवी निराजन आरती, श्री वैष्णवी चंद्रिका आरती, देवीभागवत कथा श्रवणम् और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शामिल हैं। इस आयोजन के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें डॉ रंजीत कुमार- अध्यक्ष, विनय कुमार सिंह - सलाहकार, बीरेंद्र कुमार सिंह - सह सलाहकार, मनीष तिवारी- कार्यक्रम संयोजक, अमित कुमार सिंह - विधि एवं व्यवस्था प्रभारी, राहुल कुमार- प्रिंट एवं मिडिया प्रभारी, राजीव कुमार- कोषाध्यक्ष, महाबीर प्रसाद महतो - महोत्सव निरिक्षक, विवेक कुमार- कलश पंजियन प्रभारी, कृष्णा महली- प्रभारी तरंग-प्रतियोगिता बनाये गये है। कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है, और पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 सितंबर 2025 है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9470590828, 9470590831 और व्हाट्सएप नंबर 9304337097 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डीएसपीएमयू में बीजेएमसी 2025-29 बैच के लिए प्रेरक इंडक्शन क्लास संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग में बीजेएमसी प्रथम सेमेस्टर (2025-29) एनईपी बैच के लिए इंडक्शन क्लास का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नये छात्रों को विभाग के वातावरण, पत्रकारिता के महत्व और न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत आरंभ हो रहे सत्र की कार्यशैली से परिचित कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के निदेशक डॉ राजेश कुमार सिंह ने की, जिन्होंने विद्यार्थियों को मीडिया नैतिकता, डिजिटल पत्रकारिता, संवाद कौशल और चयनित विषयों की प्रासंगिकता पर गहन जानकारी दी। रांची के वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर सिंह और प्रणव प्रियदर्शी ने अपने अनुभव साझा किये और छात्रों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने खबर संकलन की बारीकियां, नयी तकनीकी का उपयोग, और मीडिया में फेक न्यूज की पहचान के लिए आवश्यक सतर्कता पर विस्तार से चर्चा की। विभाग के फैकल्टी सदस्य रवि प्रकाश और दीप्ति गौरव ने छात्रों को पत्रकारिता की नयी संभावनाओं और शिक्षा के साथ उद्योग से जुड़े विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी : हेमंत

**मोरहाबादी मैदान में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह-2025 कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह-2025 कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंडवासियों को करम महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत हमें दिया है। पूरा आदिवासी समाज एकजुट रहकर इस विरासत को इसी प्रकार आगे बढ़ायें। आदिवासी समुदाय की संरक्षा के लिए देश में कई कायदे-कानून बनाये गये हैं, कई सारी व्यवस्थाएं भी बनायी गयी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरी दुनिया में आदिवासी समाज के प्रति हमेशा विचार-विमर्श होता रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आदिवासी समाज कई कारणों से, कई नीतियों की वजह से इधर-उधर बिखर जा रहे हैं, लेकिन हमारी वर्तमान पीढ़ियों ने हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्थाओं को अलग-अलग प्लेटफार्म, अलग-अलग माध्यमों का उपयोग कर सामाजिकता को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

#### सभी लोग करम महोत्सव धूमधाम से मनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का माहौल है। राज्य के अलग-अलग गांव, मोहल्ले, टोलों में करम महोत्सव मनाया जा रहा है। करम महोत्सव सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि जहां-जहां हमारे आदिवासी समुदाय के लोग बसे हैं, वहां भी करम महोत्सव की तैयारी की गयी है। सभी लोग करम महोत्सव धूमधाम से मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग इसी तरह एक साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे तो परिणाम अवश्य बेहतर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि करम महोत्सव के अवसर पर ऐसा ही हर्ष और खुशी का माहौल पूरे राज्य में बना रहे, यही हमसभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**हर हाल में समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे अगुवा मार्गदर्शकों ने जो सांस्कृतिक विरासत हमें सौंपी है, इस समृद्ध विरासत को हर हाल में आगे बढ़ाना है। यही राज्य सरकार के साथ-साथ हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के अंदर की कमियों को दूर करने का निरंतर प्रयास कर रही है लेकिन इस प्रयास में सफलता तभी मिलेगी जब पूरा समाज एक होकर राज्य के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जिस उत्साह के साथ संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं यह हमें प्रेरित करती है। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक जिग्गा सुसारन होरो उपस्थित थे।

# पीएम की मां पर टिप्पणी के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश मार्च

**पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक,पुलिस से झड़प और हल्का बल प्रयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ दरभंगा में की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर झारखंड बीजेपी महिला मोर्चा का आक्रोश सड़कों पर दिखा। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में जयपाल सिंह स्टेडियम से आक्रोश मार्च निकालते हुए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ीं। लेकिन पुलिस ने रांची विश्वविद्यालय के मेन गेट के पास ही उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई। महिला कार्यकर्ता बीच सड़क पर धरने पर बैठ गयीं और कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगीं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय घेरने जा रही प्रदर्शनकारी महिलाओं को रोकने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कई बार हालात बिगड़ने की नौबत आयी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी, लेकिन आक्रोशित महिलाओं ने उसे तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

#### माफी मांगें राहुल गांधी: लवली गुप्ता

बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारी महिला कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिसका जवाब राज्य सरकार को देना ही होगा। हम लोग चुप नहीं बैठेंगे और दरभंगा की घटना के लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी ही होगी। लवली गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर अनर्गल बयानबाजी के लिए उन्हें चेतावनी दी है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू: सिंगला

**आज हटिया और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) ने रांची महानगर जिला कांग्रेस कमेटी के नये जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए एआइसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक दल सोमवार को रांची सर्किट हाउस पहुंचा।

पर्यवेक्षक दल में पूर्व सांसद और एआइसीसी पर्यवेक्षक विजय इंदर सिंगला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) पर्यवेक्षक और पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, अनुपमा सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, राजेंद्र दास और मनोज सहाय शामिल रहे। सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस में सिंगला ने कहा कि आगामी एक माह के भीतर नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य है कि जिला स्तर पर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया जायेगा। बूथ और ब्लॉक कमेटी को युवा ऊर्जा और अनुभव के संतुलन से और अधिक मजबूत करना है। जिलाध्यक्ष चयन के प्रमुख मानदंडों में पार्टी के साथ वफादारी और सक्रिय योगदान, संगठन में पूर्व की जिम्मेदारियां और लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भूमिका तथा साफ छवि और आपराधिक पृष्ठभूमि का नहीं होना शामिल है।

उन्होंने कहा कि रांची महानगर जिला कांग्रेस कमेटी के विधानसभा क्षेत्रों रांची, हटिया, खिजरी और कांके में फैला हुआ है, जिनकी कुल वार्ड संख्या 53 है। सिंगला ने कहा कि वे सबसे पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और फ्रंट के संगठनों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद सभी प्रखंड अध्यक्षों से सामूहिक और व्यक्तिगत चर्चा की जायेगी। इसके अलावा दो सितंबर को हटिया और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद किया जायेगा।

# जल संरक्षण में बदलाव लाने वालों को सम्मानित किया गया

**इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान 2025**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित पुरस्कार समारोह के तीसरे संस्करण, इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान 2025 का आयोजन किया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है जो जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावशाली बदलाव ला रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में जल सेवक सम्मान 2025 पश्चिम बंगाल की लीलाबती महता को प्रदान किया गया, जिन्होंने झारग्राम में तालाब आधारित जल एवं मृदा संरक्षण की जमीनी पहल का नेतृत्व किया। झारखंड के जेम्स हेरेंज को पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करने और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए उपविजेता के रूप में मान्यता दी गयी । संगठन श्रेणी में, यह पुरस्कार बिहार के एनजीओ आपका अंचल को प्रदान किया गया, जिसने स्थायी गांव-स्तरीय जल मॉडल बनाने में अग्रणी प्रयास किये। उपविजेता की मान्यता ओडिशा की एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन सोशियो इकोनॉमिक एक्टिविटीज (आदर्शा) को प्रदान की गयी।

**आजीवन उपलब्धि पुरस्कार**

आजीवन उपलब्धि पुरस्कार झारखंड के साइमन उरांव को प्रदान किया गया, जिन्हें झारखंड के जलपुरुष के रूप में जाना जाता है। सुनील कटियाल, पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ, इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने कहा कि इस वर्ष के विजेता हमारे इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि समुदाय-नेतृत्व वाली कार्रवाई, वैज्ञानिक नवाचार, सामूहिक प्रयास और उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता ही जल-सुरक्षित भविष्य की सच्ची राह हैं।

# भाजपा नेता रमेश सिंह को पीएलएफआइ के नाम से जान से मारने की धमकी मिली

**रांची के सुखदेव नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता रमेश सिंह को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के नाम पर दी गयी है। धमकी देने वाले ने उनसे रंगदारी की मांग की है। रमेश सिंह ने इस मामले की लिखित शिकायत रांची के सुखदेव नगर थाना में सोमवार दर्ज करायी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें उनके मोबाइल फोन पर धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अगर रांची में धंधा करना है तो हमें रंगदारी देनी होगी। धमकी देने वाले ने चेतावनी भी दी कि अगर वह रंगदारी नहीं देते हैं, तो उन्हें इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। यह पहली बार नहीं है जब रमेश सिंह को इस तरह की धमकी मिली है। इससे पहले भी उन्हें पीएलएफआइ को सहयोग नहीं करने पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

# जेपीएससी सीडीपीओ और फूड सेफ्टी ऑफिसर का रिजल्ट जारी करे सरकार : देवेंद्र नाथ महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सचिव संदीप कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि फूड सेफ्टी ऑफिसर और सीडीपीओ परीक्षा का परिणाम 18 माह बीत जाने के बाद भी घोषित नहीं किया गया है। इससे अभ्यर्थियों का धैर्य टूट रहा है, और जेपीएससी की कार्यशैली पर से भरोसा उठ रहा है। उन्होंने सरकार और आयोग से मांग किया है कि परिणाम तत्काल जारी किया जाय। महतो ने बताया कि आयोग के सचिव ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुये आश्वासन दिया है कि 20 सितंबर तक फूड सेफ्टी ऑफिसर की संशोधित उत्तर कुंजी जारी होगी और सितंबर अंत तक सीडीपीओ और फूड सेफ्टी ऑफिसर दोनों परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि छात्रों के हक और अधिकार को लेकर संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में देवेंद्र नाथ महतो के साथ छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला और सौरभ कुमार शामिल थे।

# केंद्रीय सरना समिति ने करमा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में करमा पूजा धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि करम महोत्सव 3 सितंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। इससे पहले 2 सितंबर को केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में भेलवा फारी किया जायेगा। बच्चे बच्चियों जावा उठा चुकी है, जगह-जगह करम पूर्व संध्या मनाया जा रहा है। महासचिव संजय तिर्की ने मांग किया कि करम पूजा महोत्सव को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने के लिए प्रशासन प्रत्येक अखाड़े में पुलिस बलों की तैनाती करें, शौचालय एवं पानी टैंकर व्यवस्था करें, करम के दिन बड़ी वाहनों का प्रवेश वर्जित हो, पूजा के दिन शराब बंदी किया जाये। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि करम पूजा रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार अखाड़ा में मनाये अखाड़ा में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल नगाड़ा मांदर से नृत्य संगीत करें, डिजे साउंड का प्रयोग ना करें। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, अमर तिर्की, जयराम किस्पोट्टा, सोहन कच्छप, विनय उरांव, पंचम तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2025-24, दिनांक : 25.08.2025

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के स्टेशन छोर गुमटीज़ पर श्रेणी- 'A' सर्ज सुरक्षा का प्रावधान।

**निविदा मूल्य (₹) :** 1,71,36,000.74, EMD (₹) : 2,35,700.00

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 22.09.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), सम्बलपुर

PR-542/Q/25-26

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/08/3, दिनांक : 28.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे से पहले** ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **निविदा संख्या: ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-09-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/डब्ल्यूएसपी/खड़गपुर वर्कशॉप के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर वर्कशॉप में कोचिंग स्टॉक के रखरखाव के लिए विद्युतीय शॉप की ढांचागत सुविधाओं की वृद्धि एवं क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,88,54,339.36। **बयाना राशि:** ₹ 4,44,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **खुलने की तारीख:** 09.10.2025। **बोली शुरू होने की तारीख:** 25.09.2025 से 09.10.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-577)

# राइट ट्रैक पर रिश्ते

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं, तो यह बेवजह नहीं था। इस सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है, बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच ग्लोबल इकॉनमी के लिए भी नयी संभावनाएं पैदा की हैं।

**अहम मुलाकात :** 2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह पीएम मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया।

**सामरिक स्वायत्तता :** ऐसे माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिये हैं। खासकर पीएम मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं।

**यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे।**

**क्रमिक सुधार :** इन सबके बावजूद यह मानना गलत होगा कि अमेरिका से टैरिफ के सवाल पर तनाव बढ़ने के कारण भारत और चीन करीब आ रहे हैं। सच यही है कि गलवान झड़प के रूप में आयी एक बड़ी अड़चन के बाद भी दोनों देशों ने बातचीत के जरिए गलतफहमियां और मतभेद दूर करने की कोशिश नहीं छोड़ी। इस निरंतर प्रयास का ही नतीजा है कि धीरे-धीरे मतभेद कम होते रहे और पिछले साल सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के डिसइंगेजमेंट को लेकर भी सहमति बन गयी। रविवार की बैठक में दोनों नेताओं ने इस पर संतोष जाहिर किया कि पिछले साल कजान में हुई शिखर बैठक के बाद से रिश्तों में लगातार सुधार जारी रहा।


**हाथी और ड्रैगन का नृत्य :** यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है, तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ा कर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।**

# एशिया में भरोसे का विस्तार कैसे बदलेगा दुनिया का समीकरण

**अमित शर्मा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन यात्रा वैश्विक कूटनीतिक के परिदृश्य में एक निर्णायक पड़ाव साबित होने जा रही है। जापान में अभूतपूर्व निवेश वादों और चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी से यह साफ है कि भारत अब वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिति को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। खास कर उस समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी तक के टैरिफ थोप दिये हैं, यह यात्रा भारत की स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी यानी रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का ठोस प्रदर्शन प्रतीत होती है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दबाव की राजनीति के दौर में वह किसी एक ध्रुव पर टिकने वाला देश नहीं है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी स्वतंत्र पहचान रखता है। पीएम मोदी की यह यात्रा एशिया में भरोसे का विस्तार है, जिससे दुनिया के समीकरण बदल सकते हैं।

**पूंजी, तकनीक और साझेदारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र के दौरे का पहला पड़ाव जापान रहा, जहां 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतिहास का सबसे बड़ा निवेश पैकेज घोषित हुआ। जापान ने अगले दस वर्षों में 10 ट्रिलियन येन (लगभग 68 अरब डॉलर) भारत में निवेश करने का वादा किया। यह घोषणा उस समय आयी है जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अस्थिर है और कई पश्चिमी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। ऐसे माहौल में जापान का भरोसा भारत के लिए केवल पूंजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास का प्रतीक भी है।

**पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है।**

जापान ने निवेश के अलावा सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव भी रखा है। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों टिकी हुई हैं। भारत के लिए यह साझेदारी न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, बल्कि सप्लाई चेन के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी स्थिति को भी चुनौती दे सकती है।

इस यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा आर्थिक और सुरक्षा दृष्टिपत्र भी जारी किया, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने का वादा किया गया। जापान ने भारत के साथ मानव संसाधन सहयोग को भी प्राथमिकता दी है और आने वाले पांच वर्षों में पांच लाख भारतीयों और जापानियों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान का लक्ष्य रखा है। यह केवल सरकारी समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों समाजों को जोड़ने की कोशिश है, जो दीर्घकाल में रणनीतिक रिश्तों की सबसे मजबूत नींव साबित होगी।

**भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण**

प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा पड़ाव चीन का तियानजिन है, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह उनकी सात साल बाद चीन यात्रा होगी। भारत और चीन के बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और तनावपूर्ण संबंधों के चलते संवाद लगभग ठप पड़ गया था। ऐसे में पीएम मोदी की यह यात्रा संबंधों में एक नए अध्याय की ओर संकेत करती है।

एससीओ शिखर सम्मेलन को चीन और रूस ने पश्चिमी देशों के प्रभाव को संतुलित करने के मंच के रूप में प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद रहेंगे। बीस से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी ने इसे एक बड़ा कूटनीतिक आयोजन बना दिया है। भारत की मौजूदगी ने इस मंच को अतिरिक्त महत्व दिया है क्योंकि एशिया की राजनीति भारत के बिना अधूरी है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि रउड मंच पर अक्सर नतीजे प्रतीकात्मक ही रहते हैं, फिर भी भारत की उपस्थिति का संदेश साफ है कि वह केवल पश्चिमी ढांचे का हिस्सा बन कर नहीं चलेगा, बल्कि पूर्वी ध्रुवों के साथ भी संबंध मजबूत रखेगा। खास कर तब, जब अमेरिका-भारत व्यापारिक संबंधों में तनाव है, यह कदम भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण है।

**ट्रंप की मनमानी के बीच वैश्विक शक्ति संतुलन की नींव**

पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे एक बड़ा संदर्भ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने फैसले भी हैं। अगस्त 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। ट्रंप के इस मनमाने कदम के बाद जापान जैसे सहयोगियों से निवेश और तकनीकी साझेदारी भारत के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सामने आयी है।

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ा कर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।

**रणनीतिक स्वायत्तता : भारत की नयी विदेश नीति का स्वरूप**

पीएम मोदी की इस यात्रा ने भारत की विदेश नीति को नये तरीके से परिभाषित किया है। विशेषज्ञ इसे गुटनिरपेक्षता 2.0 के तौर पर देखते हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने के बजाय अपने हितों और प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध बनायेगा। भारत के लिए जापान के साथ तकनीकी सहयोग उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीन के साथ सीमा स्थिरता बनाये रखना। इसी तरह रूस के साथ ऊर्जा सहयोग पर निर्भरता भी वक्त की जरूरत है। इस संतुलन को साधना आसान नहीं है, लेकिन यही रणनीतिक स्वायत्तता की असली कसौटी है।

**भविष्य की राह : चुनौतियां और संभावनाएं**

आने वाले वर्षों में जापान के 10 ट्रिलियन येन निवेश से भारत में नये सेमीकंडक्टर कारखाने, तकनीकी पार्क और औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। इसी तरह चीन के साथ भारत का सहयोग भी दूरगामी परिणामों की आधारशिला साबित हो सकता है। हालांकि सीमा विवाद और भू-राजनीतिक अविश्वास ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता फिर भी व्यापार और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का रास्ता दोनों देशों के लिए व्यावहारिक विकल्प है। क्वाड जैसे मंचों का भविष्य भी इस संदर्भ में अहम है। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद क्वाड एक मजबूत संरचना के रूप में उभर सकता है। जापान और भारत की नजदीकी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसके लिए चारों देशों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक रणनीति आवश्यक होगी।

**शक्ति संतुलन का निर्णायक सूत्रधार बना भारत**

पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है। जापान के साथ तकनीकी और निवेश सहयोग, चीन में रउड मंच पर वापसी और अमेरिका से बढ़ते तनावों के बीच नयी राह तलाशना ये सभी घटनाएं मिलकर भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की कहानी कहती हैं। यह दौरा इस बात का संकेत है कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक कूटनीति नहीं, बल्कि सक्रिय और पहल करने वाली कूटनीति का प्रयोग करने में विश्वास रखता है। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत केवल एक दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि अपनी भूमिका इस तरह गढ़ने जा रहा है कि आने वाले वर्षों में वह एशिया और विश्व राजनीति दोनों को नयी दिशा देने में सक्षम हो।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। वर्तमान में वे प्रसार भारती न्यूज सर्विस के साथ जुड़े हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### डीसीएलआर ने बेटे का जन्मदिन सबर गांव के बच्चों के साथ मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डीसीएलआर सचिदानंद महतो ने अपने पुत्र दुर्जय का 11वां जन्मदिन पटमदा प्रखंड के बांतोड़िया गांव स्थित सबर टोला में हर्ष उल्लास के साथ मनाया। मौके पर महिलाओं के बीच वस्त्र और बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया। वही सबर परिवारों की दयनीय स्थिति देखकर दुर्जय ने अपने पिता से पूछा पापा ये लोग ऐसे मकानों में ही रहते हैं। इस पर सचिदानंद महतो ने समझाया यह विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समुदाय है, जिन्हें सरकार बिरसा आवास, पेंशन और राशन व अन्य योजनाओं से जोड़ती है। लेकिन बच्चों की पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान न देने के कारण वे पीछे रह गये। हालांकि अब उनमें जागरूकता आ रही है।इस अवसर पर दुर्जय ने सबर बच्चों के साथ केक काटा और सभी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सचिदानंद महतो ने बताया गांवों में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का उद्देश्य शहर के बच्चों को ग्रामीण जीवन और उनके संघर्ष से परिचित कराना था। ताकि उनमें समाज सेवा की भावना विकसित हो सके।गौरतलब है पटमदा प्रखंड में बीडीओ रहने के दौरान सचिदानंद महतो के कार्य की चर्चा आज भी गांवों के लोग करते है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती भव्य रूप में मनाने का निर्णय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष और देश के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती सह स्वजातीय पारिवारिक मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर टेल्को कॉलोनी स्थित धीरेन्द्र कुमार के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक चंद्रमोहन चौधरी ने की।मौके पर निर्णय लिया गया आगामी 16 नवंबर को सिदगोड़ा टाउन हॉल में जयंती समारोह समिति के बैनर तले किया जायेगा। इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामाश्रय प्रसाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया इस अवसर को और व्यापक बनाने के लिए झारखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र प्रसाद की अगुवाई में एक टीम से वार्ता कर सामूहिक निर्णय लिया जाये। बैठक में चंद्रमोहन चौधरी, जीतेन्द्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, भूपाल कुमार मुना, धर्मवीर सिंह, धर्मनाथ सिंह, राकेश रौशन, संजीव सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, शैलेश कुमार, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, नितेश कुमार, लक्ष्मीकांत प्रसाद, राजकुमार विजय सिंह, प्रवीण कुमार, रितेश कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय का पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के कोवाली स्थित निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का विधायक संजीव सरदार ने औचक निरीक्षण किया। सोमवार को निरीक्षण के दौरान विधायक ने छात्रावास, रसोईघर, डाइनिंग एरिया,वार्डन क्वार्टर समेत सभी भवनों की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर अधिकारियों को कार्य एक माह तक पूरा करने का निर्देश दिया। ताकि जल्द पढ़ाई शुरू हो सके। विधायक श्री सरदार ने कहा यह विद्यालय क्षेत्र में युवाओं के लिए शिक्षा का नया केंद्र बनेगा। पढ़ाई शुरू होने से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और पलायन भी रुकेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मौके पर अजीत प्रधान, प्रलाद गौड़ समेत झामुमो कार्यकर्ता और निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

### परसुडीह में बंद घर से नगद और सामान की चोरी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में बीती रात चोरों ने एक बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान टोला निवासी विनोद दास के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने टीवी, होम थिएटर, अलमारी में रखे 10 हजार नगद समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गया। सोमवार सुबह विनोद दास टेल्को से परिवार संग घर लौटने पर दरवाजा टूटा पाया और सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर परसुडीह पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### कुड़मी सेना अध्यक्ष पर मारपीट और धमकी का आरोप

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो और उनके सहयोगियों पर मारपीट व धमकी देने का एक मामला प्रकास में आया है। सोमवार को दिंदली बस्ती निवासी तरुण दास ने आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत की। शिकायत के अनुसार रविवार रात फुटबॉल मैदान के पास पंडाल निर्माण स्थल पर पुराने विवाद को लेकर लालटू महतो से कहासुनी हुई। इसी दौरान उनके अंगरक्षक और सहयोगियों ने तरुण दास पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में लालटू महतो, छोटू महतो, रितेन महतो, बोस्ता मंडल और अंगरक्षक के नाम दर्ज हैं। तरुण दास ने पुलिस से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा न्याय नहीं मिलने पर जिले के एसपी से मिलकर गुहार लगायेंगे।

### बागबेड़ा वायरलेस मैदान का नामकरण शिबू सोरेन के नाम पर करने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने बागबेड़ा वायरलेस मैदान का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन पार्क करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया मैदान का नामकरण पहले ही शिबू सोरेन के नाम पर प्रस्तावित और पारित हो चुका है। लेकिन बीती रात भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने अंधेरे में मैदान के मुख्य द्वार पर किसी अन्य महापुरुष का नाम लिख दिया। झामुमो नेताओं का आरोप है यह कदम क्षेत्र की शांति भंग करने और विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की नीयत से उठाया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया रेलवे की जमीन पर बने इस मैदान को कुछ लोग निजी व्यवसाय और धन उगाही का साधन बनाना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने झामुमो नेताओं को आश्वस्त किया उनकी बात और आवेदन सरकार तक अग्रसारित किये जायेंगे उर मांगों को गंभीरता से रखा जायेगा। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, वरिष्ठ नेता सुनील महतो, महावीर मुर्मू, बहादुर किस्कू सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिजली विभाग पर आदिवासियों का गुस्सा, कार्यालय में तालाबंदी



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग के खिलाफ आदिवासियों का गुस्सा फूटा पड़ा। सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने कार्यालय के गेट पर तालाबंदी कर सड़क पर धरने में बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप है विभाग ने उन पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया था और आश्वासन दिया था आधार कार्ड देने पर उन्हें बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ग्रामीणों ने विभाग के कुछ कर्मचारियों पर साजिश का आरोप लगाते हुए सोची समझी साजिश के तहत आदिवासी बहुल क्षेत्र को परेशान करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी अगर जल्द ही कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया और दर्ज मुकदमों को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्थिति को शांत करने के लिए ग्रामीणों से आग्रह किया।हालांकि बातचीत के दौरान देर शाम तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये।

### आदित्यपुर पीएचसी में डॉक्टरों की कमी, बीते दिनों गर्भवती ने गेट पर दी बच्चे को जन्म



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी गंभीर समस्या बनी हुई है। हाल ही में डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण एक गर्भवती महिला ने अस्पताल के गेट पर ही बेटी को जन्म दे दी। इस घटना ने स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही को उजागर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लक्ष्मी कुमारी को गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बना दिया गया। जिसके कारण वे आदित्यपुर पीएचसी में मौजूद नहीं रहतीं। अनुबंधित चिकित्सक डॉ. श्वेता अग्रवाल अकेले एक दिन में 200 से अधिक मरीजों का इलाज कर रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सिविल सर्जन से अतिरिक्त चिकित्सक के नियुक्ति की मांग की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।

# देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च हॉस्पिटल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल में 29 अगस्त से 31 अगस्त के बीच राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। इस बार आयोजन का स्लोगन था - 'हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान'।

इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बी.एच.एम.एस. के सभी वर्ष के छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) केशवेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें खेलों के महत्व को समझाने और युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है।11

## रंका में ड्राइवरों ने निकाली रैली




**रंका (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस के अवसर पर गढ़वा जिले के ड्राइवरों ने ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन के सीईओ फैसल खान एवं ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर एसोसिएशन झारखंड के प्रभारी इरफान खान के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को रंका में विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली। यह रैली रंका थाना मोड़ से बाजार होते हुए चेक नाका से अपना ढाबा पेट्रोल पंप तक जा कर समाप्त हुआ तथा ड्राइवर संघ रंका का कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस रैली में सैंकड़ों की संख्या में ड्राइवर शामिल थे।

## रंका में बारिश से घर गिरा, दबकर पांच बकरियों की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के ग्राम सिकठ निवासी तेजू सिंह का कच्चा घर बारिश से भरभरा कर 31 अगस्त 2025 की राशि में अचानक गिर पड़ा। जिससे घर के मलवे से दबकर घर के अंदर बंधें पांच बकरियों की मौत हो गयी, वहीं एक बकरी घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में ग्रामीण संतोष सिंह ने बताया कि तेजू सिंह काफी निहायत गरीब व्यक्ति हैं, जिनका घर परिवार का भरण-पोषण बकरी पालन से ही चलता है। घर गिरने और बकरी मरने की खबर को सुनकर पीड़ित परिवार के घर पहुंची मुखिया रिमा देवी ने उचित मुआवजा एवं आवास दिलाने का आश्वासन दिया है।

## सगमा में वज्रपात से तीन बकरियों की मौत

**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड अंतर्गत दुसैया गांव में तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना दोपहर लगभग 12 बजे की है, जब खेत में चर रही बकरियां वज्रपात की चपेट में आ गईं। मृत बकरियों में दो सरीफन भुइया, पिता राम खेलावन भुइया की थीं जबकि एक बकरा विजय भुइया, पिता लखन भुइया का था। दोनों ही अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं और इन बकरियों पर ही उनकी आजीविका निर्भर थी। अचानक हुई इस घटना से दोनों परिवारों में गहरा शोक है। सरीफन भुइया और विजय भुइया ने बताया कि बकरी पालन ही उनका मुख्य रोजगार था, और अब इस नुकसान से वे आर्थिक संकट में आ गये हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं ताकि पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिल सके।

## मझिगावां में दुर्गा पूजा को लेकर विशेष बैठक



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती स्थित भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती के बैनर तले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंभूनाथ साह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें पुरानी समिति को ही पुनः पदभार सौंप दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि समय-समय पर समिति में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जायेगा। बैठक में पूजा को लेकर कलश यात्रा, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों की विशेष तैयारी पर चर्चा हुई। मौके पर बुद्धिमारायण साह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, जितेंद्र चौबे, मुन्ना साह, सुनील गुप्ता, अतेंद्र गुप्ता, मेघनाथ गुप्ता, नंदू साह, विशुन साह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मेराल थाना क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटना, लोग परेशान



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**मेराल (आजाद सिपाही)।** विगत एक सप्ताह के अंदर थाना क्षेत्र के सोहबरिया तथा लातदाग गांव के आधा दर्जन घरों में चोरी होने से लोग भयभीत तथा परेशान हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि सोहबरिया गांव निवासी शंकर चौधरी के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। लोगों के अनुसार बांस के सहारे कर घर में घुसे तथा नगद रुपये के साथ घर में रखा जो रात को गायब कर दिया। ठीक इसी तरह से विगत शनिवार की रात्रि लातदाग गांव निवासी मनोज यादव तथा कन्हैया कुशवाहा के घर में चोरी हुई थी। मनोज यादव के घर वालों ने बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। रात में चोरी कब हुई पता नहीं चल सका सुबह उठे तो देखा की ताला खुला हुआ है तथा घर में रखा 60 हजार नगद तथा सोना एवं चांदी के जेवरात गायब हैं। नगद रुपए एवं जेवर के साथ जमीन का कागजात वाला बक्सा भी गायब है। घटना को लेकर मनोज यादव की पत्नी द्वारा मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया गया। इसके अलावे कन्हाई कुशवाहा के घर में भी अज्ञात चोरों ने घुसकर करीब ढाई हजार रुपए नगद तथा कुछ अन्य सामान लेकर गायब हो गये। गौरतलब हो कि इस घटना से दो दिन पूर्व लातदाग में ही अखिलेश यादव तथा मदन मोहन रजक के घर भी चोरी की घटना घटी थी। लोगों की माने तो लातदाग की घटना से कुछ दिन पूर्व भी सोहबरिया में एक ही रात दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। एक सप्ताह के अंदर करीब आधा दर्जन से अधिक घरों में हुई चोरी की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी हुई है तथा लोग भयभीत एवं परेशान है। लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाया जायेगा, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी घटना का उद्भेदन नहीं किया जा सका है।

# डंडई पुलिस ने हथियार संग दो अपराधी दबोचे

चोरी की गयी 6 बकरियां भी की बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के तसरार मोड़ से हथियारबंद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि गुप्त रुप से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल में अवैध हथियार लेकर जरही तसरार, तरफ घुम रहा है जो अपराधिक घटना अंजाम दे सकता है। गुप्त सुचना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तसरार मोड़ के पास पकड़ लिया गया। नाम पता पुछने पर वे लोग अपना नाम रंजीत कुमार पासवान पिता स्व० जवाहीर पासवान तथा गौहर अली पिता मोहम्मद वाजुद्दीन अंसारी बताया गया। दोनों व्यक्ति का तलाशी लेने पर एक अवैध देशी पीस्टल बरामद किया गया। जिसके बाद एक अवैध देशी पिस्टल, बिना नंबर प्लेट का एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल एवं मोबाईल जब्त कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने रारो, जरही, झोंतर गांव में स्थित दुकानों में चोरी की घटना का अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्य होने की बात स्वीकारा और बताया की एक अन्य अपराधी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावे रंजीत कुमार के द्वारा डंडई थाना क्षेत्र में कई जगह से बकरी चोरी करने की बात भी स्वीकार किया गया है। जिसके निशानदेही पर 6 चोरी किया गया बकरी को बरामद किया गया है। प्रभारी ने बताया की गठित टीम में पुलिस अवर निरीक्षक श्रीकांत कुमार, मुनेश्वर राम सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में जायन्ट्स सेवा सप्ताह 2025 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए बैठक आहुत की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से16 सितंबर को 11:00 बजे दिन में रंका मोड पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान, 17 सितंबर को उड़सुगी ग्राम के खुशमाहा टोला पर 7:00 बजे मच्छरदानी वितरण, 18 सितंबर को हिंदुस्तान सीनेटरी के पास 11:00 बजे से पौधा वितरण, 19 सितंबर को मध्य विद्यालय टंडवा में 11:00 बजे से निःशुल्क दंत जांच शिविर, 20 सितंबर को ज्ञान निकेतन स्कूल में 10:00 से अंगदान पर पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता, 21 सितंबर को 11:00 बजे से सम्मान तथा समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, पूर्व फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी (रूपा गंजी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वर्त्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, आंतरिक उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा आदि जायन्ट्स सदस्य उपस्थित थे।

## 06 सितंबर को टाउनशिप में होगा संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक एवं सदगुरु पद के उत्तराधिकारी सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण आगामी 6 सितंबर को भवनाथपुर प्रखंड के टाउनशिप स्थित बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के मैदान में होगा। इसकी जानकारी संस्थान के जिला संयोजक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने दी। महाराज जी इस यात्रा के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आगामी 25 व 26 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का संदेश और आमंत्रण देने आ रहे हैं। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक, आश्रम के विद्वानों द्वारा संगीतमय स्वर्वेद ग्रंथ के दिव्य दोहों का गायन अगवानी स्थल शिवपुजन यादव पेट्रोल पंप विशेष क्रियाएं। महाराज जी के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण एवं ध्वजारोहण।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण छावनी टोला से पथल कुदवा तक जानेवाली सड़क जर्जर अवस्था में पड़ी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मकरी पंचायत के छावनी टोला से पथल कुदवा तक जानेवाली सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है, कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह सड़क कभी भी पक्की नहीं हो सकी। बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होते हैं। सड़क निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग की गयी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अंततः ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान और आर्थिक सहयोग से सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन ध्यान नहीं देंगे, तब तक वे आपसी सहयोग से सड़क को चलने लायक बनाते रहेंगे।

## घर और मंदिर तोड़ने तथा जान मारने की धमकी देने के खिलाफ थाना में लगायी गुहार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना अंतर्गत ग्राम दौनादाग निवासी सीता राम साव (उम्र -73 वर्ष) पिता स्व० रोयन साव ने घर एवं बजरंगबली मंदिर तोड़ने तथा जान मारने की धमकी देने के खिलाफ सोमवार को रंका थाना में आवेदन देकर अनुचित घटना घटने से रोकने तथा दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए सन्हा दर्ज करने की गुहार लगाई है। इनके द्वारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि चंदेश्वर प्रसाद पिता स्व० विश्वनाथ साव ग्राम हरहे, पोस्ट उदयपुर, थाना रमकंडा और शिवदत्त यादव पिता स्व० रामशरण यादव ग्राम होन्हेकला, पोस्ट सेवाडीह, थाना रंका द्वारा दिनांक - 01/09/2025 समय लगभग 12:00 बजे दिन में मेरे घर पर आकर वर्ष 1987 से निर्मित घर एवं 1993 में निर्मित बजरंगबली मंदिर को बाजबरदस्ती तोड़ने का धमकी दिया तथा नहीं तोड़ने पर जान से मारने का धमकी दिया है। जिससे हमलोग पूरे परिवार के लोग भयभीत हैं। चंदेश्वर प्रसाद अपराधी किस्म का व्यक्ति है, जिसका रिकॉर्ड देखा जा सकता है।

# गढ़वा में भूमि पूजन के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरे जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में जय मां शेरावाली संघ भागलपुर टंडवा की ओर से इस वर्ष आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों की शुरूआत भूमि पूजन के साथ की गयी। संघ के संयोजक दौलत सोनी ने कहा कि इस वर्ष पूजा पंडाल का प्रारूप श्री राम मंदिर का रहेगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में दस लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। पंडाल निर्माण को लेकर बंगाल से कारीगर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल को एलईडी लाइट से आकर्षक तरीके से सजाया जायेगा। जो गढ़वा वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन और भी भव्य होगा। इस अवसर पर संघ के संयोजक दौलत सोनी, अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष चंदन पासवान, संरक्षक संत कुमार गुरुजी, संजय चौधरी, सचिव विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष आंनद, सुमित, सन्नी, उज्जवल, पंडाल निर्माणकर्ता विकास, तारा दादा अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीरबल में श्री दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर समिति गठित

**सगमा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में दिन सोमवार को बीरबल देवी धाम चौपाल के प्रांगण में 'श्री राम सेवा समिति बीरबल' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रेमचंद प्रसाद यादव को चुना गया। मनमोहन विश्वकर्मा को सचिव तथा मृगेंद्र प्रताप विश्वकर्मा और पंकज विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी। देवराज प्रजापति उपाध्यक्ष तथा कामेश्वर यादव संरक्षक बनाये गये। इसके अलावा आशिष विश्वकर्मा महामंत्री, रामचंद्र विश्वकर्मा संगठन महामंत्री तथा बजरंगी यादव को पुजारी के रूप में चुना गया।

# कोयल नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम लापो घाट पर कोयल नदी के किनारे स्थानीय ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गयी और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गये।

**ग्रामीणों ने बताया :** सुबह-सुबह जब लोग नित्यक्रम व अन्य कार्यों के लिए नदी किनारे पहुंचे,तो उन्होंने देखा कि एक शव नदी में किनारे से अटका हुआ पड़ा है, पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन पास जाकर देखने पर सबकी आंखें फटी की फटी रह गईं।

**आखिर ये शव किसका है :** शव किसका है, इसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है, मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है, शव मिलने की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। **यह मौत है या साजिश :** इलाके में तरह तरह की चचाएं भी शुरू हो गयी हैं, लोग कयास लगा रहे हैं कि यह मौत दुर्घटना है या फिर किसी गहरे रहस्य का हिस्सा, वहीं ग्रामीणों में भय और आशंका का माहौल है।

**पुलिस का कहना है :** शव की पहचान कर मामले की गहराई से जांच की जायेगी, स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना देने की मांग कर रहे हैं। **शव ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध और चिंतित कर दिया :** लापो घाट पर मिला यह शव फिलहाल पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। हर किसी के मन में यही सवाल है यह शव किसका है। यह मौत कैसे हुई, क्या इसके पीछे कोई साजिश है, सच्चाई क्या है यह तो जांच के बाद ही सामने आयेगा, लेकिन अचानक मिले इस शव ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध और चिंतित कर दिया है।

# केसरवानी वैश्य सभा ने महर्षि कश्यप ऋषि जयंती उत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केसरवानी वैश्य सभा द्वारा गोत्राचार्य महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती बिगन देवी स्मृति भवन, सुतली पट्टी में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी गयी। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण समाज के वरिष्ठ सदस्य द्वारिका प्रसाद केसरी, अध्यक्ष संतोष केसरी, महामंत्री मंटू केसरी, वरिष्ठ सदस्य विजय केसरी एवं नान्हू प्रसाद केसरी पूर्व अध्यक्ष अनिता दत तथा सभी अभिभावक गण के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभा का संचालन सुशील केसरी ने की।

पूर्व अध्यक्ष अजय केसरी ने महर्षि कश्यप के जीवन और उनकी महान शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


झारखण्ड सरकार खान एवं भूतत्व विभाग,
जिला खनन कार्यालय, कोडरमा।
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कोडरमा जिला में अवस्थित कैटेगरी–02 के सभी 33 बालूघाटों की ई– निलामी कार्यक्रम प्रारंभ कर दी गई है, उक्त निलामी कार्य www.jharkhandtenders.gov.in द्वारा ऑनलाईन ऑक्सन के माध्यम से संपादित की जाएगी। निलामी किये जाने वाले सभी बालूघाटों की विवरणी ग्रुपवार www.koderma.nic.in अखबारों एवं जिला खनन कार्यालय,कोडरमा के नोटिस बोर्ड में लगाई गई है। उक्त निलामी कार्यक्रम में भाग लने वाले इच्छुक व्यवसायीगणों को आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक–02.09.2025 को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्री बीड–मिटिंग का आयोजन 4:00 बजे अपराह्न में किया गया है जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है।

जिला खनन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 361018 Land Reforms(25-26)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।

अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/Dist-Untied-21/2025-26 (1st Call)

दिनांक 01.09.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 08.09.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 09.09.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 09.09.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const of RWSS in Mahuwa Tola Champa Village Champa Panchayat in Mahuwadanr Block of Latehar District under DW & S Div Latehar for 2025-26 | Gr-01 | 887026.00 | 18000.00 | 1250 | 45 Days |
| 2 | Const of RWSS in Mahuwa Niche Tola Champa Village Champa Panchayat in Mahuwadanr Block of Latehar District under DW & S Div Latehar for 2025-26 | Gr-02 | 887026.00 | 18000.00 | 1250 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR.NO.360976 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



किसान कॉल सेंटर– 18001801551

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक- सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101)
ई0मेल- atmaramgarh@gmail.com वेबसाईट- atmaramgarh.org.in

वित्तीय वर्ष 2025–26 में देसी पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आम सूचना

आत्मा, रामगढ़ की ओर से देसी (DAESI- Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम पूर्व की भाँति इस वित्तीय वर्ष 2025–26 में भी संचालित की जानी है। रामगढ़ जिले के इच्छुक एवं योग्यताधारी बीज/उर्वरक/कीटनाशी विक्रेता जो वैध अनुज्ञप्तिधारी हैं एवं जो अनुज्ञप्तिधारी नही है वो भी नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज, हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in एवं आत्मा, रामगढ़ के वेबसाईट www.atmaramgarh.org.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय, रामगढ़ से भी आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन आत्मा कार्यालय में हाथो–हाथ जमा कर सकते हैं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़, New collectorate Building Ground Floor, Block-C, Chhatarmandu, Ramgarh- 825101 को दिनांक 10.09.2025 के अपराहन 05:00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकेगा। पाठ्यक्रम हेतु अभ्यर्थियों का चयन "पहले आओ–पहले पाओ" के आधार पर होगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

आवेदन के साथ निम्नलिखित स्वभिप्रमाणित कागजात संलग्न करना आवश्यक होगा:–

1. देसी (DAESI) पाठ्यक्रम का प्रपत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छाया प्रति जिसमें जन्म तिथि अंकित हो। (मैट्रिक/दसवीं का स्वअभिप्रमाणित अंक पत्र एवं प्रमाणपत्र)
3. अनुज्ञप्ति की छाया प्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशी) (अनुज्ञप्तिधारी आवेदनकर्ता हेतु)
4. आधार कार्ड की छाया प्रति।
5. फोटो (02 पीस पासपोर्ट साईज)

कुल अभ्यर्थियों की संख्या 40 है, निर्धारित तिथि तक 40 से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अगले बैच में प्राथमिकता दी जा सकती है। देसी पाठ्यक्रम के लिए चयनित अनुज्ञप्तिधारी अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के अन्दर 14,000 (चौदह हजार रू०) मात्र का एवं जो अनुज्ञप्तिधारी नहीं हैं उनको 28,000 (अठाईस हजार रू०) मात्र का Demand Draft जमा करना होगा। आवेदनकर्त्ता को Central Sector Plan Scheme के तहत 14,000/–(चौदह हजार रू०) मात्र एवं Self finance के तहत 28,000 (अठाईस हजार रू०) मात्र का Demand Draft जो Director SAMETI, Payable at Ranchi के नाम से देय होगा।

अधिक जानकारी हेतु परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़ के कार्यालय से कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। विज्ञापन रद्द करने अथवा बदलने का पूरा अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह०/–
परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़

PR 360964 Agriculture (25-26)_D

# प्रतिबंधित मांस बेचने आये युवक को ग्रामीणों ने की पिटाई, पुलिस को सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के अम्मा पकना में सोमवार को ग्रामीणों ने प्रतिबंधित मांस बेचने पहुंचे तोरपा थाना के रोड़ो गांव निवासी याहिया अंसारी और खरीदार गिरिडीह निवासी सुभान अंसारी को पकड़ लिया। आरोपी 13 पैकेट प्रतिबंधित मांस लेकर मजदूरों के बीच बेचने आया था। यह जानकारी लिने के बाद ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद तोरपा और रनिया थाना की पुलिस अम्मापकना गांव पहुंची अहौर दोनों युवकों को पकड़कर ले गयी। इस संबंध में रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मांच बेचेने के आरोपी याहिया अंसारी कों जेल भेज दिया, जबकि मांस खरीदने के आरोपी सुभान अंसारी को छोड़ दिया गया। उत्तेजित ग्रामीणों ने आरोपी की मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सुभान ने खुलासा किया कि आरोपी दो सप्ताह पूर्व भी मांस बेच चुका था।

## पत्थर से कूच कर युवक की हत्या



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के अड़की थाना क्षेत्र के बिरबांकी जेनाडीह टोला में रविवार की देर रात 28 वर्षीय युवक सांडे मुंडा की अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, सोडे सुबह अपनी पत्नी सिंगी हस्सा के साथ दलभंगा साप्ताहिक हाट गया था। बाजार से सामान लेने के बाद पत्नी घरेलू काम से अपने मायके जोजोउली चली गयी, जबकि सांडे अपने एक दोस्त के साथ घर लौटने की बात कह कर निकला था। इसी बीच घाघरा-बीरबंकी मुख्य सड़क के पास उसकी हत्या कर दी गयी। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पर्स से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की और शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है।

# पिपरवार पुलिस ने अवैध हथियार और गोली के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**इलाके में बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था अपराधी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध हथियार एवं गोली के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को यह सफलता मिली है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा गांव निवासी 20 वर्षीय आबिद अंसारी पिता तजमुल अंसारी के रूप में की गयी है। पिपरवार थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरवार थाना क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा के पास ट्रांसपोर्टिंग रोड में कुछ अपराधकर्मी अपराध की योजना बनाने हेतु एकत्रित हुए है, उक्त सूचना के सत्यापन एवं गिरफ्तारी हेतु टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा 31 अगस्त की रात्रि को ग्राम न्यू मंगरदाहा ट्रांसपोर्टिंग रोड के पास छापेमारी कर एक अपराधी आबिद अंसारी को गिरफ्तार किया गया, साथ ही उसके पास से एक 7.6 एमएम का अवैध पिस्टल एवं एक जिंदा गोली बरामद की गयी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी से कई अहम सुराग मिले हैं। जिसका सत्यापन किया जा रहा है।



प्रेसवार्ता में अपराधी के बारे में जानकारी देती पुलिस।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी द्वारा एक गिरोह बना कर क्षेत्र के कोल व्यवसायी एवं ठेकेदार को धमकी देने की बात भी सामने आ रही है, जिसकी जांच की जारी है। इसके साथ ही गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर भी पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध करने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। पिपरवार पुलिस ने थाना में कांड संख्या 27/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अपराधी को जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस छापामारी दल में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, संजय कुमार एवं पिपरवार थाना के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत तिरूलडीह थाना प्रभारी ने दिखायी मानवता



मृतक कंश की फाइल फोटो।

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के तिरूलडीह थाना क्षेत्र के तिरूलडीह रेलवे स्टेशन के सपादा केबिन के पास ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति कि मौत हो गयी। मृतक की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रहड़ाडीह निवासी 36 वर्षीय कंश गोप की रूप में की गयी। सुचना मिलते ही तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और रेलवे को सुचित कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी एवं छोटा एक लड़का एवं छोटी एक लड़की है। परिवार का स्थिति काफी दयनिय है। थाना प्रभारी ने मानवता का मिशाल पेश करते हुए अपने स्तर से घर तक लाश पहुंचाने में आर्थिक सहयोग किया एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने में सहयोग का आश्वासन भी दिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि मृतक का मानसिक हालत ठीक नहीं था वह रविवार को ही घर से निकला था और रेल के चपेट में आने से मौत हो गयी।

## पर्यटन विभाग की ओर से बैठक आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को अनुमंडल सभागार में पर्यटन विभाग की ओर से एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पर्यटन विभाग के निदेशक बिजिया जादव ने की। इसमें बुंडू स्थित सूर्य मंदिर समिति और तमाड़ स्थित दिऊड़ी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मंदिर परिसरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी और श्रद्धालुओं को पूजा व दर्शन में बेहतर सुविधायें देने पर विस्तार से चर्चा हुई। पर्यटन निदेशक ने कहा कि इन ऐतिहासिक मंदिरों को और अधिक प्रसिद्ध बनाने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभाग ठोस कदम उठायेगा। इस दौरान बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि मंदिरों की स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। बैठक के बाद पर्यटन निदेशक और एसडीएम ने मंदिर परिसरों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उपनिदेशक राजीव कुमार, डीएसपी ओम प्रकाश, एलआरडीसी छवी बाला बारला, बीडीओ सावित्री कुमारी, सीओ हंस हेंब्रम, नगर प्रशासक शुभम पोद्दार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद हुए।

## जनता मजदूर संघ ने बचरा अस्पताल में एएमओ के साथ की परिचय बैठक



एरिया मेडिकल ऑफिसर से मुलाकात करते यूनियन के लोग।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ पिपरवार क्षेत्रिय समिति का प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में बचरा क्षेत्रिय अस्पताल के एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ निरोज खेश से औपचारिक मुलाकात कर परिचय बैठक किया। इस बैठक के दौरान यूनियन के द्वारा नये एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. निरोज खेश का फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान यूनियन के द्वारा कई समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया। यूनियन ने अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने, समुचित दवाई उपलब्ध कराने, शुद्ध पेयजल, अस्पताल की साफ सफाई, एक्स रे एवं अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने, आवासीय कॉलोनी में मच्छर विरोधी दवा एवं फागिंग मशीन से दवा छिड़काव करने की मांग करते हुए कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वहीं एरिया मेडिकल ऑफिसर ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। मौके पर युनियन के सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, आशिष दुबे, बिजेंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, अजित सिंह, अरूण सिंह, राधा मोहन सिंह सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

## करंट लगने से युवक की हुई मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। रनिया थाना क्षेत्र के कुलाप गांव निवासी अजीत भेंगरा (25 वर्ष की मौत बिजली करंट लगने से हो गयी। बताया गया कि अजीत गांव के ट्रांसफार्मर पर चढ़कर बिजली जोड़ने का कार्य कर रहा था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# बड़कागांव विधायक रोशनलाल ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

**बचरा में सड़क दुर्घटना में मृत युवक के परिजनो से मुलाकात कर किया शोक प्रकट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार के समीप भाजपा और आजसु के कार्यकर्ताओं ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद विधायक ने स्थानीय एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी संबंधी बातों पर विचार विमर्श किया, साथ ही क्षेत्र की समस्याओ की जानकारी ली। जिसके बाद पिछले दिनो बचरा मे हुई सड़क दुर्घटना में सन्नी राम उर्फ गोलू की हुई मौत की सूचना पाकर विधायक रौशनलाल चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ बचरा आम्बेडकर नगर कॉलोनी जाकर मृतक युवक के परिजनों से मुलाकात किया और शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होंने मृतक युवक सन्नी उर्फ गोलू के पिता संजय राम से घटना की पुरी जानकारी लिया और पीड़ित परिवार को संत्वाना दिया, साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, आजसु नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, गिरजा प्रसाद, अर्जुन महतो, कामेश्वर राम, नागेश्वर राम, नरेश महतो, अवधेश महतो, प्रकाश राणा, उमेश कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, रामलाल महतो, शंभू गुप्ता, प्रकाश लोहरा, बिनोद



# मिलन चौक में कैलाश ऑटो मोबाइल हीरो बाइक शोरूम का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में सोमवार को जुना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती महाराज, समाज सेवी खगेन महतो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर हीरो बाइक शो रूम का विधिवत उद्घाटन किया। वहीं मुख्य अतिथि महंत विद्यानंद सरस्वती महाराज एवं अन्य संत और अतिथियों को गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि मिलन चौक में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र शो रूम खोलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि कैलाश ओटो मोबाइल हीरो बाइक शो रूम पार्ट टू का तरक्की का कामना करता हूं। वहीं विशिष्ट अतिथि खगेन महतो ने कहा कि आज के समय में बाइक का प्रचलन तेजी से बढ़ गया है, ऐसे में इस सुदुरवर्ती क्षेत्र में भी लोगों को बाइक के अलावा सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगा, ताकि लोगों को शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ओटो मोबाइल संचालक कैलाश चंद्र गोराई ने बताया कि यहां ग्राहकों के लिए एक ही छत पर सारी व्यवस्था रहेगी। मौके पर केशव चंद्र गोराई, मिलन चौक व्यवसायिक समिति के सदस्यों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## धमधमिया दुर्गा पूजा समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** धमधमिया माइनस दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता मुखिया संतोष महली और संचालन पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूजा के सफल संचालन के लिए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सरंक्षक मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, प्रमुख सोनी तिग्गा, रोहिणी परियोजना पदाधिकारी, पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहार, सुशीला देवी, नेमिया देवी, अमृत भोगता और अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, सचिव मनोज राम, उपाध्यक्ष गणेश मोदी, रमेशर भोगता, विवेक चौरसिया, संजय कुमार, शशि उरांव, जीतू बाउरी, विनय उरांव, राजेश वर्मा, शंकर सिंह,सह सचिव भरत रजक, विनोद उरांव, आशीष यादव, राजकुमार राम, रोहित कुमार, सुरेंद्र गंझु, उमेश लोहरा, विनय राम, कोषाध्यक्ष दिलु राम, सह कोषाध्यक्ष भुनेश्वर मिस्त्री, सतन राम, दिलकेश्वर भुइयां, वीरेंद्र उरांव को बनाया गया है।



## जन जागरण दुर्गा पूजा समिति की नयी कमेटी गठित

मुरी (आजाद सिपाही)। जन जागरण दुर्गा पूजा समिति बड़ा मुरी का पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया एवं दशहरे को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ शारदीय नवरात्र मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेश कुम्हार, उपाध्यक्ष संदीप कुम्हार, महासचिव सुशील कुमार महतो, उपसचिव रमेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष सुमित सोनार, सह कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू, अंकेक्षक अजीत कुमार समेत कई सक्रिय सदस्य बनाये गये।

# चांडिल अनुमंडल का 23वीं वर्षगांठ मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** अनुमंडल सभागार में अनुमंडल बार एसोसिएशन चांडिल द्वारा अध्यक्ष वीपी साहु के अध्यक्षता में चांडिल अनुमंडल का 23वीं स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय के द्वारा केक काट कर मनाया गया। वहीं बार एसोशियन के सदस्यों शेल अड़ाकर सम्मानित किये गये। मौके पर के-के सिंह, महेंद्र कुमार महतो, अशीम कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं प्रेस प्रवक्ता सह अधिवक्ता शिबेश्वर महतो ने बताया कि हमारे इस क्षेत्र के जनता को पहले कोर्ट का कार्य हेतु सरायकेला जाना पड़ता था परंतु इस क्षेत्र में अनुमंडल का स्थापना होने से ग्रामीणों को काफी सहूलत हुआ है। उन्होंने बताया कि सरायकेला से विभाजित होकर चांडिल में दिनांक 31/08/2003 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के प्रयास से इस अनुमंडल का स्थापना हुआ था।

# विकास विद्यालय किचटो में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का आयोजन



**विधायक रोशन लाल चौधरी हुए शामिल, मांदर की थाप पर झूमे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में सोमवार को करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के द्वारा पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से आयी टीमो के द्वारा खोड़हा एंव झुमर नृत्य पेश किया गया। वहीं उपस्थित अतिथियों ने मांदर बजाकर परंपरा को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने करमा पूजा के महत्व और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि करमा पूजा झारखंड का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे धूमधाम के साथ मनाया जाता है। पूर्वजों के समय से चलते आ रहे करमा पूजा आज भी उत्साह के साथ मनाया जाता है। करमा पूजा में झारखंड की संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने सभी लोगों को करमा पूजा की बधाई दी। इस मौके पर सीएचपी परियोजना के मैनेजर धीर प्रताप सिंह, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार, किचटो मुखिया संगीता देवी, बहेरा मुखिया रेखा कुमारी, पूर्व जिप सदस्य शोभा कुजूर, नागेश्वर महतो, विजय कुमार महतो, धीरेंद्र कुमार शर्मा, विनोद, लक्ष्मण, गीता देवी, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मैकलुस्कीगंज में मनाया गया करम पूर्व संध्या समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज ।** केंद्रीय सरना समिति मैकलुस्कीगंज के तत्वावधान में सोमवार को हेसालोंग खेल मैदान में करम पूर्व संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट तथा खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, थाना प्रभारी धनंजय बैठा, मुखिया पुतुल देवी, कांग्रेस नेता नीरज भोगता, कांके विधानसभा विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, लक्की बैठा, विधायक प्रतिनिधि मोनु रजक, बीएन पांडेय, रंथू उरांव, साबिर अंसारी, तेजी किस्पोट्टा, शीला देवी, गीता देवी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष कमल मुंडा एव संचालन सुशील उरांव ने किया। सबसे पहले ग्राम देवता स्थल पर पाहन के द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी। वहीं सभी अतिथियों ने भी बारी बारी से पूजा अर्चना की। उसके बाद सभी अतिथियों को पारंपरिक तरीके से नाचते गाते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। जहां सभी अतिथियों को बुके और सरना गमछा देकर स्वागत किया गया।



इस मौके पर दर्जनों खोड़हा टीमो के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मा पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम एव प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। इसलिए हम सभी को इस सांस्कृतिक धरोहर को बचाये रखने की जरूरत है। विधायक के सौजन्य से खोड़हा टीमो को साड़ी एव समिति के द्वारा नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। देर शाम तक नृत्य गीत चलता रहा। इस मौके पर सलामत अंसारी, मुखदेव गोप, मुकेश यादव, पंकज प्रसाद, दीपक प्रसाद, हंसराज मुंडा,शशि मुंडा, सुशील उरांव, श्रवण भोगता, कपिलदेव सिंह, मुकेश राम, गणेश मुंडा, इंसान गंझु, रजनीश भगत, विजय मुंडा, रमेश टाना भगत, आकाश मुंडा, मुकेश भुइयां, मनोज मुंडा, विकास मुंडा, योगेश मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जंगल से महिला का शव बरामद



तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुबासाल समीप जंगल से सोमवार की सुबह तमाड़ पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। मृतका की पहचान चुटियाबेड़ा गांव निवासी करूणा देवी (53) वर्ष के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को करूणा देवी खेत में काम करने गयी थी। इसके बाद से वह अपने घर वापस नहीं लौटी थी। सोमवार को कुलूटुपु जंगल में ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच महिला का शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही तमाड़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा आदिवासी अपनी संस्कृत को बचाने का लें संकल्प: अनिल उरांव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान में सरना समिति के तत्वावधान में सोमवार को 36वां करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें लापुंग, मांडर, चान्हो एवं भरनो प्रखंड के खोड़हा दलों ने करमा पर्व की पूर्व संध्या पर पारंपरिक वेशभूषा में भादो कर एकादशी करम गड़ाये हो। द्वितीया हे रंथ चालय, गांव कर मुंडा पाहन करम गाड़य हो, के कुडुख गीत पर मांदर,नगाड़ा के थाप पर खूब झूमे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खोड़हा दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर समिति के अनिल उरांव ने कहा कि झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा पर हमें गर्व है, जो हमें एक सूत्र में बांध कर रखती है।हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है। आदिवासी समाज की परंपरा को आज युवा पीढ़ी भूलते जा रहे हैं। आज के युवा संस्कृति को बचाने का संकल्प लें। वहीं, कार्यक्रम के पूर्व महादानी मैदान स्थित सरना स्थल में पारंपरिक तरीके से पूजा कर करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ सरना स्थल से अनादि मुंजरना मलका के प्रार्थना से किया गया। इस मौके पर जिंगुआ भगत, बन्नु भगत, आशा एक्का, जलही महतो, चुमानी उरांव, बसंती उरांव, पुनीता उरांव, सुशीला भगताईंन रितु, सुको, सोनी, उषा, संजय जगमनी, जयमंगल, सुजिता, सुकल, अमर, गुड्डू, सचिन, पूजा, रेखा, राखी, विनीता, पुनई, संतोष और अमित आदि उपस्थित रहे।

# बेड़ो में प्रतिमा विसर्जन के साथ पांच दिवसीय गणेश पूजा का हुआ समापन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में श्री राधे कृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय गणेश पूजा सोमवार को हवन पूर्णाहूति आरती एवं शाम में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान काफी संख्या में गांव की महिलाएं, पुरूष, बच्चों ने भक्तिमय माहौल में भगवान गणेश की आराधना की। साथ ही फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, अक्षत, रोडी, चंदन, लड्डू आदि का भोग लगाकर अपने उज्वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं रविवार की रात भक्तों के बीच महाप्रसाद खीर का वितरण किया गया। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ,अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, उत्तम कुमार, अमन गुप्ता, अभिनव गुप्ता, उत्तम सोनी, विभाकर सिंह, राकेश साहू, आशीष महतो, प्रेम गुप्ता,अमित कुमार चीकू, अजय साहू, आशीष सोनी,शुभम गुप्ता,लव कुमार, विवेक कुमार, सौरभ खन्ना, अभिजीत राज, सुशांत राय, खदी उरांव,आदित्य गुप्ता संदीप कुमार, आकाश रक्षित, संकित मंगल, रविंद्र, विकास कुमार, प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, गौतम गोप, राज, ऋतिक, राजा, विकास रौनक, रोशन,सहित सभी सदस्यों ने सराहनीय योगदान रहा

# एसएसबी 26वीं बटालियन ने रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं बटालियन, रांची की ओर से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने और समाज में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कमांडेंट राजीव भट्ट ने किया। इस शिविर में बटालियन के कुल 35 कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। बाद में एकत्रित रक्त को रिम्स ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। इस अवसर पर कमांडेंट ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक रक्तदाता तीन लोगों की जान बचा सकता है। हमें इस नेक कार्य में हमेशा आगे आकर भाग लेना चाहिए। शिविर में रिम्स अस्पताल की डॉ कविता, डॉ उमेश सहित रिम्स ब्लड बैंक के छह कर्मचारी शामिल थे। रक्तदान से पूर्व स्वयंसेवकों की जांच की गई। इस दौरान रक्तदान से होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई और आगे आकर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस शिविर में 26वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

# जागृति योजना का उद्देश्य घर-घर न्याय पहुंचाना है : डिप्टी डीएलसी राजेश कुमार



**रांची (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्षक के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में जागृति (घर-घर में न्याय की जागृति) के तहत डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने जागृति (घर-घर न्याय की जागृति) नालसा योजना के तहत ग्रामीणों को दी जानेवाली सुविधाओं और विधिक निःशुल्क सहायता के तहत न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित सुविधाओं के बारे ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके साथ ही लोक अदालत, मध्यस्थता, प्री-लिटिगेशन तथा निःशुल्क दिये जाने के प्रावधानों को बतलाया। ग्रामीणों के सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पंचायत, थाना प्रखंड में नियुक्त पीएलवी के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने टॉल फ्री नंबर 15100 की जानकारी लोगों की दी। ग्रामीणों से कहा कि आप अपनी समस्याओं को उक्त नंबर पर संपर्क कर साझा कर सकते है। युवा नशा से दूर रहे। नशा कैंसर की तरह हमारे समाज में फैल रहा है। जागरूकता के माध्यम से इसे समाप्त करना ही हमलोगों का उद्देश्य है। भारत को नशामुक्त करना है। वहीं, सहायक एलएडीसी अनूप कुमार ने मजदूरों, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित कानुनी जानकारी दी, जिसके तहत जॉब कार्ड, लेबर कार्ड बनाये जाने तथा बाल, विवाह, बाल मजदूरी, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, शिक्षा के अधिकार, मानव तस्करी पर विस्तृत चर्चा किये। डालसा के पीएलवी ने आगामी 13 सितंबर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। कहा कि वादकारी अपने वादों का निस्तारण उक्त तिथि को करा सकते हैं। इससे समय एवं धन की बचत होगी। मौके पर पुरियो के मुखिया, नीरज कुजूर एवं ग्राम प्रधान जयराम उरांव आदि उपस्थित रहे।

## बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ झारोटेफ का कर्मचारी शक्ति समागम कार्यक्रम

# शिक्षकों की मांगों पर सरकार को पहल करने की जरूरत: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारोटेफ झारखंड की ओर से सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल करने, शिशु शिक्षण भत्ता, शिक्षकों के लिए एमएसीपी सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के पांचवें चरण में सोमवार को रांची के बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय कर्मचारी शक्ति समागम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में झरोटेफ प्रांतीय संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह, रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, प्रदेश संयोजक आनंद किशोर साहू, रांची जोन संरक्षक सुनील नायक एवं रांची जोन समन्वयक मिथिलेश कुमार सहाय सहित जिले के 18 प्रखंडों से विभिन्न संगठनों एवं विभागों के काफी संख्या में झारोटेफ सदस्य आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष मो कयामुद्दीन खान और संचालन जिला सचिव प्रियंका माथुर ने किया। इस दौरान दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन, राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इ दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड झारोटेफ की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल और शिशु शिक्षण भत्ता सहित 11 सूत्री मांगें तर्क संगत एवं जायज है। वहीं, प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू ने कहा कि हम सभी संगठित रहे और अपनी मांगों को सही तरीके से सरकार के पास रखें तो निश्चित रूप से यह सभी मांगे पूरी होगी। प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि झारोटेफ एक ऐसा संगठन है जो जो संवाद और समन्वय में विश्वास रखता है। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए हमने ही लड़ा था। बाकी सभी मांगों के लिए हम ही लड़ेंगे और उसे पूरा करायेंगें। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि आप लोगों की सभी मांगे उचित है। क्योंकि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी मुख्य भूमिका निर्वहन करते हैं। अंत में प्रांतीय संयोजक और अध्यक्ष ने सभी से अपील की कि 21 सितंबर को मोराबादी मैदान में प्रस्तावित महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों, ताकि संगठन मजबूती से सभी मांगों को सरकार के समक्ष रख सके। इसकी जानकारी रांची जिला के मीडिया प्रभारी सतीश बड़ाईक ने दी।



झारोटेफ की बैठक में उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं अन्य।

# जैलेंद्र कुमार ने करमा पर्व को लेकर बांटा लाल पाड़



**अनगड़ा/सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के बिसा सरय टोली एवं सिकिदिरी के खाकसी टोली में करम पर्व को लेकर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने बहनों के बीच प्रेम सामाजिक समरसता का प्रतीक लाल पाड़ दिया। इस मौके पर पंचम भोगता, शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, सोनाली देवी, बीरेंद्र बेदिया, किलोका देवी आदि उपस्थित थे।

# टाटी पंचायत के मजदूर की विशाखापट्टनम में मौत

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** टाटी पंचायत के जाराडीह गांव निवासी बाबूलाल बेदिया की मौत विगत 27 अगस्त को विशाखापट्टनम में हो गयी। वह गांव के अन्य लोगों के साथ फोनेक्स ग्रुप प्रा लि विशाखापट्टनम में मजदूरी करता था। घटना की सूचना पाकर रविवार को मृतक के परिजन विशाखापट्टनम पहुंचे और मामले को लेकर स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तत्काल कंपनी को सील कर दिया। वहीं, मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# रुढ़ीवादी परंपरा के संरक्षण के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की जरूरत : डॉ निशा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत स्थित विवेकानंद सेवा केंद्र बरवाटोली की ओर से रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्ग दर्शन में करम पूजा पूर्व संध्या पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त आयकर आयुक्त डॉ निशा उरांव एवं स्वामी भवेशानन्द जी महराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ निशा उरांव ने कहा कि रूढ़ीवादी परंपराओं को बचाये रखने के लिए इ तरह के कार्यक्रम का आयोजित होना बेहद जरूरी है। वहीं, स्वामी भवेशानन्द जी महराज ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक हमारी पहचान है। इस लिए पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम को करने की आवश्यकता है। इसमें आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांव से महिला-पुरुष पारंपरिक वेश भूषा में ढोल नगाड़े के साथ आये थे। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नगराबेड़ा विवेकानंद सेवा संघ और द्वितीय स्थान बंधुवाडीह विवेकानंद सेवा संघ को मिला। इस मौके पर सिरका मुखिया रोशनलाल मुण्डा, टुण्डा होली मुखिया, रमेश बेदिया, ग्राम प्रधान गोपाल बेदिया कार्यक्रम आयोजन में जिला परिषद अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, समिति के अध्यक्ष अर्जुन बेदिया, सचिव कमल बेदिया, संतोष बेदिया, प्रदीप महतो, जीतेन्द्र महतो, बालेशवर बेदिया, सोहरैया बेदिया, चीरंजीवी मण्डल, जगदीश भोगता, बालेशवर बेदिया, पहलू बेदिया, बिन्देश बेदिया, सोमरा बेदिया संजय बेदिया, जयराम बेदिया आदि मौजूद थे।

# तपेश्वर केशरी अध्यक्ष एवं बीरेंद्र साहू चुने गये महामंत्री



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की गयी समिति का पुनर्गठन रांची कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब सभागार में बैठक की की गयी। इसमें पूजा समिति के आजीवन संस्थापक संयोजक डॉ अजीत सहाय, महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, संजय मिनोचा, महासचिव रविन्द्र वर्मा, दुर्गा शंकर साहू, सत्यदेव तिवारी के साथ ही रांची महानगर के प्रमुख पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान लगातार 11वीं बार तपेश्वर केशरी अध्यक्ष एवं बीरेंद्र साहू को सर्वसम्मति से महामंत्री चुना गया। दोनों ने कहा कि बहुत जल्द रांची जिले के 18, प्रखंडों के सक्रीय भागीदारी निभाने वाले वरीय पदाधिकारियों एवं युवाओं के साथ समन्वय बनाकर रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति का विस्तारित की घोषणा की जाएगी। बिहार क्लब सभागार में सैकड़ों पूजा समिति के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रांची महावीर मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष जयसिंह यादव, रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक संयोजक डॉ अजीत सहाय, नारीशक्ति की अगुवा बिंदु सिंह, विनीता सिंह महिला मंडली एवं रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण क्षेत्रों के पूजा समिति से आए गणमान्य लोगों की उपस्थिति में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु का स्वागत किया गया।

## शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 का दूसरा दिन

# एफसी भी सेमीफाइनल में पहुंची

**दीपक ब्रदर्स बुढ़मू की टीम पहले ही समीफाइनल में पहुंच चुकी है**

**टूर्नामेंट के आयोजन से समाज में बढ़ती है सहयोग की भावना : मो. खालिद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में रांची जिला के मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में एक सितंबर से आयोजित शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन का पहला मैच सोमवार को रनिया टाइगर खान ब्रदर्श गोरे और वेस्टर्न डायमंड एफसी जामताड़ा के बीच खेला गया। तय समय तक दोनों टीम 1-1 गोल से बराबरी पर रहीं। उसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में जामताड़ा की टीम ने रनिया टाइगर को 4-3 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ रांची जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहम्मद खालिद, मांडर के मुखिया प्रकाश खलखो, संरक्षक पितरूस खलखो, मीडिया प्रभारी लाखो उरांव, मो रकीब, मो साकिब, दुर्गा खलखो आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर मोहम्मद खालिद ने कहा कि एतवा उरांव की स्मृति में यह टूर्नामेंट लगातार 26 वर्षों से आयोजित हो रहा है। उन्होंने आठ लोगों की जान बचाई थी, लेकिन खुद नदी की तेज धारा में बह गए थे। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी है। कहा कि एतवा उरांव से सीख लेकर युवाओं को भी समाजहित में कार्य करना चाहिए। टूर्नामेंट के आयोजन से न केवल खेल भावना को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। वहीं दूसरा मैच चिटकोटा एफसी रातू ु और मेसी झारखंड एफसी चचकोपी के बीच खेला गया। तय समय तक दोनों टीमें 1-1 के बराबरी पर रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। इसमें चिटकोटा एफसी रातु ने मेसी झारखंड एफसी को 5-2 से पराजित कर दिया। दूसरे राउंड में वेस्टर्न डायमंड एफसी जामताड़ा चिटकोटा एफसी रातू को टाई ब्रेकर में 4-3 गोल से हराकर समीफाइनल में पहुंचनेवाली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले दीपक ब्रदर्स बुढ़मू की टीम समीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। बतातें चलें कि दो सितंबर को पहला मैच अंश क्लब कांके वनाम आरसी मिशन मांडर और दूसरा मैच द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी वनाम हातू कोड़ा सत्यारी टोली रांची के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर समिति के संरक्षक पितरुस खलखो, अध्यक्ष मो शकिब (छोटू), खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, मो. रशीद, लखो उरांव, कृष्णा, मो. अबदुल्ला, रंजीत खलखो आदि थे।

# नीरजा सहाय में डीएवी स्पोर्ट्स के विजेता हुए सम्मानित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** डीएवी नीरजा सहाय के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में राज्य स्तर पर बेहतर जीत हासिल की है। राज्य स्तर प्रतियोगिताओं में वुशू, कराटे, कुश्ती, फुटबॉल, क्रिकेट, सेटिंग, स्वीमिंग, खो- खो, कबड्डी एवं वालीबॉल सरीखे खेलों का आयोजन रांची, धनबाद, जमशेदपुर एवं बोकारो में हुआ, जिसमें राज्यभर के 35 डीएवी विद्यालयों के लगभग 900 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें नीरजा सहाय डीएवी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25 स्वर्ण, 26 रजत और 43 कांस्य पदक प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थियों में से 41 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे जो कि नवंबर में होने वाली है। प्राचार्या किरण यादव ने सोमवार को असेंबली में सभी विजेताओं को सम्मानित किया और उनके अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# करंट की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिद्रौल बाजार निवासी गौरी शंकर शाह उर्फ गौरी बाबा की सोमवार की सुबह करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गौरी बाबा अपने सिद्रौल स्थित निर्माणधीन मकान में पानी पटा रहे थे। तभी करंट की चपेट में आ गये। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरी बाबा एक समाजसेवी थे। सिदरौल पेट्रोल पंप में दुकान चलाते थे।

# जैलेंद्र कुमार से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी के ओबर निवासी जीतन बेदिया (52) का पिछले दिनों निधन हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण संपर्क करने भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने उनके घर जाकर उनकी पत्नी रेखा देवी को आर्थिक एवं खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। उनके साथ सिकिदिरी मंडल महामंत्री पंचम भोगता, बूथ अध्यक्ष शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, युगल किशोर बेदिया आदि उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे हरिप्रसाद मिश्रा चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति टाटीसिलवे की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष जदुबीर सिंह ने किया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर भव्य पंडाल निर्माण, आकर्षक विद्युत सज्जा एवं धार्मिक अनुष्ठान के अलावा प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही पूजा की समाप्ति के बाद 9 नवंबर को मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक होगी। इस मौके पर सचिव विनोद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजन साहू, बृजेश सिंह, अमित कुमार मिश्रा, गिरधर मिश्रा, राजेश मिश्रा, राजकुमार सिंह, टुनटुन यादव, पंकज मिश्रा, रामजी पांडे, बीवी थापा, मनोज ठाकुर, सिदाम सिंह मुंडा, रामचंद्र झा के अलावा बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

# बिक्कू सिंह बने रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। इस बार नामकुम बाजार पतरा टोली निवासी बिक्कू सिंह उर्फ राजा साहब को उपाध्यक्ष बनाया गया है। समिति ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन और भी भव्य तरीके से होगा। वहीं, बिक्कू सिंह ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन विशेष आकर्षण के साथ किया जाएगा। उधर, बिक्कू को उपाध्यक्ष बनाये जाने पर परिजनों एवं नामकुम के लोगों ने बधाई दी है।

# भक्तों का जत्था केदारनाथ के लिए रवाना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आरा पंचायत से भक्तों का जत्था केदारनाथ के लिए सोमवार को रवाना हुआ। इस दौरान भक्तों का जुटान आरा के शिव मंदिर प्रांगण में हुआ। जहां शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद सभी भक्तों एवं उनके परिजनों ने यात्रा को सफल बनाने की प्रार्थना की। इसके बाद वाहन पर सवार होकर रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे और केदारनाथ जाने के लिए ट्रेन से रवाना हो गए। केदारनाथ यात्रा पर जाने वालों में अमित नारायण तिवारी, रोहित तिवारी, मुन्ना शर्मा, नयन तिवारी, रिक्की दुबे, मनीष तिवारी शामिल है।

# दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर ओरमांझी पूजा समिति की हुई बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर अध्यक्ष राम कुमार महतो की अध्यक्षता में सोमवार को ओरमांझी दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में बैठक हुई। जिसमें पूजा समिति के सचिव दीपक बड़ाइक ने बताया कि10 दिनों तक मंदिर परिसर में पूजा के साथ दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । जिसमें बच्चों का कार्यक्रम आओ झूमो नाचो गाये एवं मातृशक्ति की ओर से डांडिया आयोजित होगी। विजयादशमी के दिन रावण दहन का भी आयोजन होगा। बताया गया कि मां दुर्गे का पट बेलबारण पूजा के बाद भक्तों के दर्शन के लिए खोल दी जाएगी। समिति के कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पूजा का रूप भव्य होता जा रहा है। इस लिए ग्रामीणों से आग्रह होगा कि अपना सहयोग बढ़ चढ़कर करें। बैठक में संरक्षक रामचंद्र साहू, उमाशंकर साहू, सतीश बड़ाइक, निर्मल महतो, समिति के उप सचिव राजेश गुप्ता, शशि मेहता, सौरभ कुमार, उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाहा सह कोषाध्यक्ष कुंदन साहू, सत्यनारायण तिवारी, मीडिया प्रभारी रुपेश साहू, शंकर गुप्ता ,भीम मुंडा, रूपेश पांडे, झुनकी गुप्ता, सुंदर नायक, जोगेन्दर मुंडा, भोली नायक ,छोटु साहू ,नीरज सोनी, मनोज महतो, गुज्जू बैठा, परमेश्वर पांडे, लक्ष्मी महतो मंदिर के पुजारी कुणाल पंडित सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जय मां दुर्गा पूजा समिति हाहे की बैठक रितेश देवघरिया को बनाया गया अध्यक्ष



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जय मां दुर्गा पूजा समिति हाहे की बैठक मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा नवमी की रात्रि में भक्ति जागरण एवं भव्य झांकी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जय मां दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से रितेश देवघरिया को बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष किशन भट्टाचार्य, उमेश महली, सचिव विक्रम देवघरिया, आकाश मुंडा, अंकित प्रमाणिक, कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सचिन देवघरिया, उप सचिव विकास सिंह विशाल देवघरिया, उपकोषाध्यक्ष सुबोध प्रजापति, आशीष सिंह, उदघोषक अमरदीप प्रमाणिक, अरविंद यादव, संरक्षक सत्यनारायण देवघरिया, उत्तम देवघरिया, उज्ज्वल देवघरिया, दुर्गाचरण प्रमाणिक, अजय देवघरिया, अमित मिश्रा, आशीष रंजन, विजय बनर्जी, संजय बनर्जी, दिनेश देवघरिया, प्रदीप सिंह, महेश्वर प्रजापति एवं मानेश्वर बेदिया बनाए गए।

## घाघरा में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग, सौंपा मांगपत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा प्रखंड के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई तथा जन समस्याओं के निराकरण के लिए मांग-पत्र देते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गयी है। विदित हो कि बीते 27 अगस्त 2025 को घाघरा में बढ़ रही खुलेआम भ्रष्टाचार को लेकर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 1 सितंबर 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा को भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए मांग-पत्र दी जायेगी जिसके तहत 4 सूत्रीय मांग-पत्र दी गयी है। दिये गये मांग-पत्र में यूरिया की कालाबाजारी पर रोक तथा सरकारी दर पर किसानों को अविलंब यूरिया उपलब्ध कराने, मनरेगा द्वारा कराये गये वृक्षारोपण, कूप निर्माण तथा 15वें वित्त आयोग फंड से संचालित योजना की खासकर प्रखंड के हर पंचायत के एक गांव में कराए गए कार्यों की जांच कराने, पेयजल टंकी की वर्तमान स्थिति की जांच, रुकी, सरांगो, कोहीपाट, आदर जैसे पंचायत में शौचालय निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच करने तथा देवाकी निवासी स्वर्गीय दूधेश्वर मिश्रा द्वारा ऑनलाइन रसीद काटने के लिए दी गयी लंबित आवेदन व चपका के सुकरा उरांव द्वारा ईट भट्ठा में कमाए पैसे की भुगतान कराने जैसी समस्या को दूर करने की मांग शामिल है। नेताओं ने बताया है कि मांगों पर कार्रवाई की समीक्षा तथा आगामी रणनीति बनाने के लिए 6 सितंबर 2025 को घाघरा के हाई स्कूल मैदान के पास प्रखंड स्तरीय बैठक बुलायी जायेगी, जिसमें हर गांव से दो सदस्यों को ग्रामीण समस्याओं को लेकर आने के लिए आमंत्रित की गयी है जिसकी तैयारी की जा रही है। मांग-पत्र झारखंड नवनिर्माण दल के प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाईक तथा भ्रष्टाचार विरोधी मंच के प्रखंड समिति सदस्य संतु मिश्रा के द्वारा दी गयी है।

## पीडीएस डीलरों को इ केवाइसी के लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम राशन वितरण, आधार सीडिंग, इ केवाइसी के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत लाभुकों का इ केवाइसी करना है। जो मृत हो गया है या जिनका विवाह हो गया है, ऐसे लाभुकों का नाम कार्ड से हटाया जाये। ई केवाईसी नहीं करने वाले लाभूको का राशन बंद हो सकता है। जो भी डीलर इसमें रुचि नहीं लेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समय पर राशन का उठाव करें और लाभुकों को निर्धारित मात्रा में राशन दे। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने राशन दुकानदारों को दुकानों को साफ सुथरा रखने, सूचना पट लगाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, सहायक गोदाम प्रबंधक बालचंद उरांव, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियंका कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## करम पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में सोमवार को करमा पर्व एवं ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने की। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने उपस्थित लोगों से पर्व-त्योहार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें तथा शांति और आपसी भाईचारे को बनाए रखें। अंचलाधिकारी शिखर वर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि पर्व के समय गश्ती तेज की जाएगी और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजू भगत धर्मेंद्र उरांव रामप्रसाद बड़ाइक, बच्चन कुमार, केदार साहू, बिरसा उरांव, जगत ठाकुर, अजित उरांव,रामजतन साहू,अभिषेक सिंह, बिलटु लोहारा, रामदास यादव, सहित कई लोग मौजूद थे।

# 1.6 किलो गांजा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, पुत्र फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला पुलिस ने 1.6 किलो ग्राम गांजा के साथ पंसो गांव निवासी अरुण बैठा उर्फ चाई को गिरफ्तार कर सोमवार की दोपहर 12:30 बजे जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सुचना मिली की गुमला थाना क्षेत्र के नवनिर्मित टोटो थाना अंतर्गत पंसो गांव निवासी अरुण बैठा के घर में गांजा की खरीद बिक्री हो रही है सूचना पर छापा मारी दल का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक उद्धेश्वर पाल नौशाद बावरिया एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल जैसे ही पंसो गांव स्थित अरुण बैठा के घर पहुंचा एक युवक अरुण बैठा के घर के सामने बाइक पर सवार था पुलिस वालों को देखकर वह बाइक छोड़कर भागने लगा। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वह भागने में सफल रहा। इसके बाद अरुण बैठा के घर की तलाश ली गयी घर के सीढ़ी के नीचे एक ब्लू एवं बैंगनी रंग का बैग मिला जिसे खोलकर देखने पर एक प्लास्टिक में 1.6 किलोग्राम गांजा पाया गया। वहीं पुलिस ने एक बाइक को भी जप्त किया है। वही पुलिस फरार आरोपी 19 वर्षीय रूपेश बैठा की तलाश में जुटी है। गुमला थाना में एनडीपीएस के तहत कांड अंकित किया गया। वहीं व्यक्ति को गिरफ्तार कर एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता के बाद जेल भेज दिया गया

## जारी में ऑटो पलटने से आंगनबाड़ी सेविका घायल

**जारी (आजाद सिपाही)।** बाजार से घर लौटते समय एक दर्दनाक दुर्घटना घटी, जिसमें एक आंगनबाड़ी सेविका गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान सुनीता किंडो के रूप में हुई है। यह हादसा तब हुआ जब सुनीता किंडो पति स्वर्गीय असिषन किंडो बुमतेल की ओर जा रही थीं और उनका ऑटो अचानक पलट गया। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जो उनकी स्थिति को काफी गंभीर बना रही थीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल महिला को चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाने में मदद की। हालांकि, वहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण, एएनएम आशा ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल रेफर कर दिया। लोग घायल महिला के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## रुपये लेकर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देने के मामले में महिला गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना का आधार पर गुमला थाना क्षेत्र के धनगांव गांव में पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर लोगों को बहला फुसला कर पैसा की वसूली किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर गठित टीम जिसमें थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान को शामिल किया गया छापामारी के दौरान वादिनी कांति कुमारी उम्र 30 वर्ष गांव धनगांव पंडा टोली के गांव पहुंचे एवं वादिनी और अन्य लोगों से संपर्क किया गया। वादिनी ने बताया करीब 3 वर्ष पहले सिलाई कंपनी में काम करने के लिए दिल्ली गयी थी उसे दौरान कंपनी में ही सूर्य मंती कुमारी 30 वर्ष पति पिंटू कुमार उर्फ अविनाश कुमार गांव सिंहूआर जिला गया बिहार से मुलाकात हुई। सूर्यमंती ने बताया कि मेरे पति दिल्ली पुलिस में दरोगा है कई लोगों को नौकरी दिलाए हैं वही उसके मोबाइल नंबर पर बात भी करायी। पिंटू बोला कि तुम्हें दिल्ली पुलिस में नौकरी दिला दूंगा इसके एवज में 5 लाख लगेगा जिसमे ढाई लाख रुपया अभी जमा करना होगा। पिंटू ने बताया कि गुमला पुलिस अधीक्षक का कार्यालय में खाना बनाने और सफाई करने का वैकेंसी खाली है कोई काम करना चाहता है तो उसके लिए प्रति व्यक्ति 8 हजार देना पड़ेगा। इसके बाद पिंटू ने अपना फोन पे नंबर दिया और बोला कि जितना जल्दी पैसा जमा करोगी नौकरी लगा देंगे। इसके बाद कांति कुमारी ने अलग-अलग तिथि में कुल 229000 दिये शांति केरकेट्टा सेरोफिना बागे अजय लोहरा विजय लोहरा सोनी देवी वीरेंद्र लोहरा अंजलिना बागे सोनी देवी ने 8-8 हजार कुल 64000 पिंटू कुमार के खाता नंबर एवं फोन पे पर डाल दिया। कुल 2 लाख 93 हजार पिंटू को दिया गया। सूर्यमंती अपने पति पिंटू के साथ वादिनी के घर धनगांव आई और पिंटू बोला कि तुम्हें दिल्ली में नौकरी लगा दिया है और तुम्हारे साथियों का भी नौकरी गुमला पुलिस में लग गया है। जिसका जॉइनिंग लेटर देने आया हूं इसके बाद सभी को जॉइनिंग लेटर दिया। जब सभी लोग जॉइनिंग लेटर लेकर थाना पहुंचे तो पता चला कि यह फर्जी जॉइनिंग लेटर है। इसके बाद गुमला थाना में लिखित आवेदन दिया गया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित अंबेरा डीह पुल के पास ट्रक के टक्कर से तेलगांव निवासी पीटर एक्का जय मंगल लोहरा और गढ़सारू निवासी उपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार की रात 8:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों युवक एक बाइक में सवार होकर पालकोट प्रखंड के बुजी टोली गांव फुटबॉल टूनार्मेंट मैच खेलने गए थे जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी अम्बेरा डीह पुल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे तीनों युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गए। घटना में उपेंद्र सिंह को चेहरा में गंभीर चोट लगी जबकि पीटर और जय मंगल को शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है। घटना के बाद ट्रक पालकोट की ओर तेजी से फरार हो गया। वही तीनों युवक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बीएन जालान कॉलेज में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम

मदन साहु



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में सोमवार को करम पर्व की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, डॉ कृष्णा प्रसाद साहू कलाधर ,प्रो झूरी राम व डॉ आदित्य विक्रम देव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के सांस्कृतिक नृत्य दल ने अतिथियों को मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गये। और नाच गान के साथ स्वागत किया।

प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि यहां की संस्कृति परंपरा बहुत ही खुबसूरत है, जो हमें प्रकृति के साथ जोड़ कर रखता है। आज हम करम पर्व की पूर्व संध्या मना रहे हैं। यह हमारे पूर्वजों का गढ़ा हुआ संस्कृति है।

अतिथि पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू कलाधर ने कहा यहां के सभी समाज के लोग प्रकृति के विभिन्न रुपों की पुजा करते हैं। सभी वृक्षों का तो हम पूजा करते हैं पर तुलसी की पुजा घर घर होती है। करमा पर्व कर्म धर्म का प्रतीक है। जो सभी के बीच परोपकार का कार्य है। जो पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी , नदी का संरक्षण के साथ वातावरण को स्वच्छ रखने में हमारे पर्व त्योहार अहम भूमिका निभाते हैं। करमा पर्व को छोटानागपुर क्षेत्र में यहां के आदिवासी, सदान, मूलवासी व्यापक रूप से मनाते हैं।

कुड़ुख शिक्षिका प्रो सुनिता कुमारी ने करमा पर्व की कहानी करम और धरम पर विस्तार रुप से चर्चा की। विषय प्रवेश व स्वागत भाषण प्रो इंद्रजीत राम ने किया। इस मौके पर प्रो झूरी राम, डॉ आदित्य विक्रम देव,डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ पारंगत खलखो, डॉ निसार अहमद, डॉ अरुण कुमार दास, डॉ प्रवीण बसंती,प्रो सोनिया कुमारी, प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, प्रो विनीता गुड़िया, डॉ कीर्ति मिंज, प्रो करम सिंह ओडेया, सुरेश साहु, डॉ रेखा कुमारी, प्रो रोज टेटे, डॉ दीपक कुमार, डॉ श्रवण तिवारी, प्रो अरविंद प्रसाद, साधो उरांव, सचिदानंद उरांव, गजराज महतो, चंद्रनाथ भगत, जगरनाथ साहु, सुरेश उरांव, महताब अंसारी सहित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में सैय्यदा खातून सम्मानित

दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि समर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोक सेवा समिति की स्थापना के 34वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में समाज की विविध विभूतियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह अवसर झारखंड के 'झारखंड रत्न' दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण नशा एवं हिंसा मुक्त भारत विषय पर परिचर्चा, कॉफी टेबल बुक प्रेरणा स्मारिका का लोकार्पण और विभूतियों एवं संस्थानों का सम्मान। कार्यक्रम में अमानत अली अंसारी स्वतंत्रता सेनानी, आजीवन उपलब्धि हेतु, रिन पास स्वास्थ्य सेवा में शताब्दी से अधिक योगदान हेतु, सरोजनी लकड़ा (आइपीएस) उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं हेतु, डॉ रूपा सिन्हा शास्त्रीय संगीत में योगदान हेतु। विशिष्ट सेवा सम्मान शैलेन्द्र कुमार पाठक शास्त्रीय ध्रुपद गायन, प्रो मोहन आजाद बोकारो में आजीवन उपलब्धि, दिलीप कुमार महतो शिक्षक शिक्षा क्षेत्र, मुजीब कुरैशी समाज सेवा, शशि भूषण राय समाज सेवा, एजाजुल हसन सिद्दीकी साहसिक पुलिस सेवा, डॉ मुजफ्फर हुसैन साहित्य लेखन, सुनैना महिला शस्त्रीय पुलिस बल, ज्योति कुमारी पुलिस सेवा राष्ट्र महिला गौरव सम्मान, निगार सुल्तान समाज सेवा सरोज श्रीवास्तव फूड एवं स्वास्थ्य योगदान, सैय्यदा खातून (गुमला) को समाज कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

लोक सेवा समिति ने 34 वर्षों की यात्रा में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, स्वास्थ्य, समाज सेवा और जनजागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। इस दौरान समिति को डॉ काजी शोएब रहमानी, कार्डिनल तेलेसफर पी. टोप्पो, प्रो रामदयाल मुंडा, पद्मश्री गिरधारी राम गौझू, डॉ भुनेश्वर अनुज, सिस्टर जेमा टोप्पो, हरिनारायण सिंह, डॉ करमा उरांव, पद्मश्री मधु मनसुरी मुकुंद नायक समेत अनेक विभूतियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आज समिति राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है और कई राज्यों में सक्रिय है।

लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने कहा कि समाज के लिए सेवा का यह 34 वर्षीय सफर अनेक विभूतियों और साथियों के सहयोग से संभव हो पाया है। इस वर्षगांठ पर हम उन सभी महान विभूतियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कर्मभूमि से समाज को नयी दिशा दी है। आयोजन में समाजसेवी, शिक्षाविद, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां उपस्थित। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडल के डीआइजी नौशाद आलम ने कहा नशा पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है इससे बचाव तभी होगा जब परिवार जागरूक होगा। हमसब को इससे बचना है और नयी पीढ़ी को बचाना है।

# ईद मिलादुन्नबी पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट करायेगी प्रतियोगिताएं

क्विज प्रतियोगिता होगी आकर्षण का केंद्र

187 विद्यार्थी लेंगे भाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछले साल की क्विज प्रतियोगिता आज भी लोग करते हैं याद: शादाब**

इंचार्ज शादाब रब्बानी ने बताया कि रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले पिछले तीन वर्षों से पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइस अर्थात जन्म दिन के मौके पर छोटे -छोटे बच्चे बच्चियों के बीच इस्लाम धर्म से संबंधित सवाल-व-जवाब के साथ तकरीर (बयान )का कंपटीशन कराया जाता है। जिससे बच्चों के जेहन में निखार पैदा होता है। पिछले वर्ष का क्विज प्रतियोगिता को आज भी लोग याद करते हैं

**गुमला।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के द्वारा छात्रों को ध्यान में रख कर चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 187 विद्यार्थी भाग लेंगे। ईद मिलादुन्नबी को लेकर बज्म की ओर से इस्लामिक क्विज कंपटीशन, इस्लामिक भाषण, इस्लामिक पेंटिंग, और सामाजिक समरसता से संबंधित कुछ कार्यक्रम शामिल हैं। जिसमें इस्लामिक क्विज कंपटीशन का ईनामी मुकाबला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। इन कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक बच्चे बच्चियों का फॉर्म भरा जा चुका है। फॉर्म भरने का अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गयी थी। और सभी बच्चे बच्चियों का परीक्षा 4 सितंबर को बज्मे रब्बानी एजुकेशनल फाउंडेशन खड़िया पाड़ा में किया जाना है।

**विजेता प्रतिभागियों को इनाम में मिलेगी नगद राशि :** कंपटीशन में पहला स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 21 सौ,द्वितीय स्थान को 11 सौ और तृतीय को 551 रुपया का नगद राशि के साथ मेडल और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले पहला ग्रुप आठ से 12 साल तक के बच्चे - बच्चियां के बीच तकरीर व क्विज,दूसरे ग्रुप में 12 से अधिक उम्र के मर्द (पुरुष) में क्विज, तीसरा ग्रुप 13 से 18 साल की बच्चियों के बीच क्विज और चौथा ग्रुप 4 से 7 साल के बच्चे बच्चियो के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गयी है।

**सभी ग्रुपों ने जमा किये फार्म :** पहले ग्रुप के लिए 30 फॉर्म, दूसरा ग्रुप के लिए 22 फॉर्म, तीसरा ग्रुप में 72 फॉर्म, चौथा ग्रुप में 58 फॉर्म जमा किया जा चुका है। जबकि कुछ फार्म विचाराधीन हैं। इन सभी विद्यार्थियों की परीक्षा 4 सितंबर को बज्मे रब्बानी एजुकेशनल फाउंडेशन खड़ियापाड़ा नन्हे कदम स्कूल के समीप निर्धारित समय में किया जायेगा।

**कार्यक्रमों का समय निर्धारण :** आगामी 4 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रथम ग्रुप क्विज का समय दोपहर 1 से 2 बजे तक और इसी ग्रुप का तकरीर सुबह 11.30 से 1 बजे तक, दूसरा ग्रुप सुबह 10 से 11 बजे तक, तीसरा ग्रुप अपराह्न 3 से 4 बजे तक, चौथा ग्रुप 1 से 2 बजे तक रखा गया है।


प्रपत्र संख्या-1
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
ई- निविदा (द्वितीय आमंत्रण)
निविदा संख्या :- 24/JMT/2025-26 दिनांक 30-08-2025

| क्र0 स0 | विवरणी कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 m tr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar, Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Sc heme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. (2nd Call) | 18488.12 | 184.89 | 10,000/- | 27 Months + 3 months (Trial and Run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- | 06-09-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 10-09-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :- | 25-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03 .10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- | 26-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :- | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :- | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 360876 Drinking Water and Sanitation(25-26)D



Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology
District- Koderma

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :-

1. ई-नीलामी कार्यक्रम:-

| क्र० स० | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/-रू0+GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई-नीलामी से पूर्व प्री- बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Group A- Koderma District Sand Ghat- Dudhi 01 to 06, Akto 01 to 09, Keso 01 to 16, Murtiya And Lathbehwa | 02.09.2025 | 02.09.2025 समय- 4:00 बजे अपराह्न में समाहरणालय, कोडरमा। | 03.09.2025 10:00 AM से 11.09.2025 4:00 PM | 13.09.2025, 5:00 PM | 16.09.2025 को 10:00 AM से 6:00 PM तक |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी प्रक्रिया, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www.Jharkhand tenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा- नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई-प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम-3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई-पोरक्योमेंट/ई-नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद् संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई कोडरमा।
ह0/- जिला कोषागार पदाधिकारी कोडरमा।
ह0/- जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा।
ह0/- अपर समाहर्ता, राजस्व कोडरमा।
ह0/- उप निदेशक, खान हज़ारीबाग।
ह0/- उपायुक्त कोडरमा।

PR.NO.361004 Mines and Geology(25-26):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




# सदर अस्पताल ने तीन महीनों में 207 फीसदी की वृद्धि दर से की लोगों की सेवा

## 2372 लोगों ने कराया डायलिसिस, 8289 नमूनों की जांच और 541 नॉर्मल डिलीवरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जले की हृदयस्थल पर स्थित सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण में डीसी सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के सतत प्रयास, प्रोत्साहन, समीक्षा एवं निगरानी के चलते सदर अस्पताल ने विगत तीन माह में लोगों को सेवा प्रदान करने में 207 फीसदी प्रगति की है। व्यवस्था में लगातार सुधार होने के कारण औसतन 571 लोग प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं। जून महीने में 10620 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए आए। जून महीने में यह आंकड़ा 19916 हुआ। जबकि अगस्त महीने में 207 फीसदी की प्रगति के साथ 22013 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए पहुंचे। इन




तीन महीनों में कुल 52549 लोगों ने अस्पताल में विभिन्न तरह का इलाज कराया। विगत जून महीने में जहां 6797 ओपीडी, 701 डायलिसिस, 100 नॉर्मल डिलीवरी, 1544 सैंपल टेस्टिंग एवं अन्य चिकित्सा के लिए 10620 व्यक्ति पहुंचे, वहीं जुलाई महीने में ओपीडी की संख्या 11812 हुई। इस दौरान 822 लोगों ने डायलिसिस करवाया, जबकि 212 नॉर्मल डिलीवरी हुई और 2724 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 19916 लोग अस्पताल आए। अगस्त महीने में ओपीडी में आने वालों की संख्या 11868 पहुंच गई। 849 लोगों ने डायलिसिस कराया। 229 नॉर्मल डिलीवरी हुई। 4031 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 22013 लोग अस्पताल आए। जून महीने में आईपीडी में 847, जुलाई में 2311 और अगस्त में यह आंकड़ा 2948 पहुंच गया। सी सेक्शन (एलएससीएस) में विगत तीन माह में 386, दंत चिकित्सा में 426, जबकि 1060 लोगों की ड्रेसिंग की गई। वहीं एमटीसी में 2005 का उपचार कर पौष्टिक आहार दिया गया। जून, जुलाई एवं अगस्त महीने में डिस्चार्ज होने वालों की संख्या 1111 रही। जून महीने में 229, जुलाई में 423 तथा अगस्त महीने में 459 लोग अस्पताल से सफल इलाज के बाद डिस्चार्ज हुए। वहीं, एसएनसीयू में 78, डीसीएचसी में 6 तथा 12 मरीजों के बीच आयुष्मान किट का वितरण किया गया।आपातकालीन सेवा में जून महीने में 16, जुलाई में 10, अगस्त में 12 सहित 38 लोगों का इलाज किया गया। विगत तीन माह में 9 लोगों की परिवार नियोजन, तीन की ऑर्थोपेडिक, 42 मेजर एवं 104 माइनर सर्जरी की गई। सदर अस्पताल की प्रगति पर खुशा जाहिर करते हुए डीसी ने बताया कि जिले वासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कहा कि अब सदर अस्पताल में लिवर, किडनी और लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच एवं हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक बनाया गया है। अस्पताल में उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमीऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है। अस्पताल में हड्डी रोग, फिजिशियन, सर्जरी, नेत्र, दंत रोग, शिशु रोग, मनोरोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, फिजियोथेरेपी तथा ईएनटी स्पेशलिस्ट उपलब्ध है। इसके अलावा गायनी इमर्जेंसी व जेनरल इमर्जेंसी में तीन शिफ्ट में चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं।

## हिंदी भाषा-साहित्य के विकास में फादर बुल्के का योगदान अहम : डॉ वर्गीस



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में हिंदी साहित्य के प्रख्यात विद्वान फादर कामिल बुल्के की जयंती पर सोमवार को विशेष सत्र आयोजित हुआ। प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि फादर कामिल बुल्के ने भारत में हिंदी भाषा एवं साहित्य के विकास में अहम योगदान दिया। वे एक प्रसिद्ध विद्वान, लेखक और शिक्षाविद थे। उनकी रचना 'रामचरित मानस उत्पत्ति एवं विकास' और 'अंग्रेजी से हिंदी शब्दकोश' आज भी बेहद लोकप्रिय है। उनका जीवन हिंदी एवं संस्कृत के विकास के लिए समर्पित था। वह अपने देश बेल्जियम से भारत आए थे। उन्होंने दार्जिलिंग एवं कोलकाता में रहकर हिंदी सीखा। इसके बाद इलाहाबाद में हिंदी में एमए की पढ़ाई की। साथ ही शोध कार्य कर पीएचडी की पढ़ाई की। रांची के सेंट जेवियर्स कालेज में उन्हें हिंदी एवं संस्कृत का विभागाध्यक्ष बनाया गया। यहां विद्यार्थियों को हिंदी-संस्कृत का ज्ञान दिया। 1950 में वह बिहार राष्ट्रभाषा परिषद की कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त हुए। साल 1972 से 1977 तक भारत सरकार की केंद्रीय हिंदी समिति के सदस्य रहे। 1973 में उन्हें बेल्जियम की रायल अकादमी का सदस्य बनाया गया। कहा कि फादर बुल्के ने हिंदी के कई विद्वानों के साथ रह कर हिंदी एवं संस्कृत को जड़ से जानना एवं प्रत्येक भारतीय के अंदर हिंदी-संस्कृत के प्रति अनुराग जगाने का कार्य जीवन भर किया। हिंदी एवं संस्कृत के विकास को लेकर किए गए कार्य से प्रभावित होकर भारत सरकार ने 1974 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया। उनका मानना था कि प्रत्येक भारतीय को अच्छी हिंदी एवं संस्कृत लिखना और बोलना आना चाहिए। वहीं, कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से फादर कामिल बुल्के की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, हिंदी एवं संस्कृत शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## करम महोत्सव में 250 छात्राओं ने पेश किया पारंपरिक नृत्य



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल परिसर में सोमवार को करमा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की लगभग 250 छात्राओं ने 45 टीमों में बंटकर पारंपरिक करमा नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाल पाढ़ वाली सफेद और पीली साड़ियों, रंग-बिरंगे परिधानों, फूलों के जुड़े, गले में मोतियों के हार, हाथों में लाल चूड़ी और पैरों में आलता-पायल के साथ सज-धजकर छात्राओं ने एक स्वर और एक लय में जब सामूहिक नृत्य किया तो पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा। इस मौके पर विधि एंड ग्रुप, राखी एंड ग्रुप, वंदना एंड ग्रुप, वैष्णवी एंड ग्रुप, पीहू एंड ग्रुप, सुहाना एंड ग्रुप, शिखा एंड ग्रुप, अनु एंड ग्रुप सहित अन्य छात्राओं की प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा। वहीं, प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने कहा कि करमा महोत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। यह त्योहार हमारी एकता और भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। अंत में पारितोषिक वितरण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अमर कुमार पाल एवं शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

### धनबाद विधायक ने किया एलईडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास

# धनबाद को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में उठा रहे अहम कदम: राज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुख्य सड़क से पांडरपाला, काली मंदिर, पटेल चौक, भारत चौक होते हुए आरा मोड़ ओवरब्रिज तक सात मीटर ऊंचाई वाले एलइडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का सोमवार को शिलान्यास किया।इस मौके पर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य राजेश कुमार, सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य आनंदी रजवार, नगर निगम के अभियंता दीपक कुमार, भाजपा के जिला मंत्री सह मीडिया



एलइटी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास करते राज सिन्हा।

संयोजक पंकज सिन्हा, निवर्तमान पार्षद अशोक पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं, अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पांडरपाला क्षेत्र के लिए यह कार्य अति महत्वपूर्ण था, क्योंकि राजकीय पॉलिटेक्निक से पांडवापला का यह मुख्य सड़क काफी एकांत एवं सुनसान रहता है। यहां के आम लोगों ने आवेदन देकर इसकी गंभीरता से अवगत कराया था। इस क्षेत्र के इस प्रमुख मार्गो पर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन बहुत जल्द होगा। इसका कार्य शुरू हो चुका है। यह कार्य न केवल क्षेत्र के निवासियों के लिए, बल्कि छात्र-छात्राओं, व्यवसायीयों और आम आने-जाने वाले राहगीरों के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस कार्य को समय पर पूरा करने की बात कही। साथ ही क्षेत्र के लोगों से इस कार्य के क्रियान्वयन में सहयोग देने की अपील की। कहा कि यह पहल धनबाद को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस मौके पर हुल्लास दास, अरविंद राय, आदित्य राय, संदीप सिंह, मुकेश यादव, सौरभ कुमार, मिहिर कु दास और राकेश रोशन सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में चिरेका खेलकूद संगठन की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 से 31 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन बैडमिंटन हॉल इंडोर स्टेडियम में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिरेका खेल कूद संगठन के संरक्षक सह महाप्रबंधक विजय कुमार और चिरेका महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा किरण बधान ने 130 विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान चिरेका महाप्रबंधक बेहतर प्रदर्शन के साथ टेबल टेनिस सिंगल्स और डबल्स में विजयी बने। जबिक अधिकारी वर्ग में चिरेका के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस और बैडमिंटन में मुख्य सामग्री प्रबंधक-ट्रैक्शन मोटर के रविंद्र प्रसाद ने सर्वाधिक नौ पुरस्कार ग्रहण किया। इसमें से सात में विजेता और दो में उपविजेता रहे। बतातें चलें कि 29 से 31 अगस्त तक चलने वाले इस खेल समागम में विभिन्न उम्र वर्ग में अलग-अलग तीरदांजी, बैडमिंटन, बिलियड्र्स, चेस, फुटबॉल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल खेल श्रेणी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, चिरेका महिला कल्याण संगठन सदस्याएं, चिरेका खेलकूद संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## मिहिजाम में होनहार बच्चियों को किया गया पुरस्कृत

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित श्रीगणेश पूजा पंडाल में 20 नंबर वार्ड की होनहार बच्चियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। चिकित्सक, जानेमाने व्यवयाई, स्पोर्ट्स मैन सह समाजसेवी डॉ जोगिंदर तिवारी ने एक होनहार बच्ची जो आर्थिक रुप से कमजोर होने के कारण शिक्षा में आगे जाने वाली कठिनाई को दूर करने की छोटी सी पहल की है। वहीं, बच्चियों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर की। इस दौरान डॉ जोगिंदर तिवारी ने सभी बच्चियों को मन लगा कर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि किसी भी तरह की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगें। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, जामताड़ा इंस्पेक्टर राजेश मंडल, मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे, सुरेश राय आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा दक्षता की ओर बीएसएल का मजबूत कदम, ऑडिट सफल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) में आइएसओ 50001:2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (एएनएमएस) का प्रथम निगरानी ऑडिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह तीन दिवसीय ऑडिट मेसर्स टीयूवी के ऑडिटरों द्वारा किया गया, जिसमें टीम लीडर विकास गुप्ता ने ऑन-साइट एवं टीयूवी सदस्य गगन वर्मा ने रिमोट मोड से ऑडिट किया। बतातें चलें कि बीएसएल में आइएसओ



50001:2018 (एएनएमएस) प्रमाणन के लिए ईएमडी विभाग नोडल विभाग है। इस ऑडिट में बीएसएल के सीओ एंड सीसी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, एचएसएम, ईएमडी, डीएनडब्ल्यू, आई एंड ए, ईटीएल, क्रय और एल एंड डी विभाग शामिल थे। ऑडिट की व्यवस्था ऊर्जा प्रबंधन विभाग द्वारा की गई, जो इस प्रमाणन का नोडल विभाग भी है। महाप्रबंधक एवं ऊर्जा प्रबंधक पीके भुइं एवं उपमहाप्रबंधक ललिता बिरुली ने इस प्रक्रिया का नेतृत्व किया, जबकि महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अनुपमा तिवारी ने समन्वय की भूमिका निभाई। तीन दिवसीय ऑडिट का समापन मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कहा कि सुझाए गए सुधारात्मक बिंदुओं पर शीघ्र कदम उठाए जाएंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**Corrigendum**

NIQ Published vide PR No-360326 Building (25-26)D is being amended as-date to obtain details from the office in Working days up to 16-09-2025, date of submission 18-09-2025 up to 3.00 P.M and will be opened on 18-09-2025 at 3.30 P.M Other term & conditions will remain same.

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 361013
Building(25-26)#D

### सामाजिक अंकेक्षण के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# गड़बड़ी ना हो, समयबद्ध सामाजिक अंकेक्षण का पूरा हो कार्य: उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीसी अजय नाथ झा ने की। कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, उसकी पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की भूमिका को स्पष्ट करना और इससे जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, बीडीओ, पंचायत सचिव और सामाजिक अंकेक्षण से जुड़े कर्मी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो। कार्य समयबद्ध और नियमानुसार पूरा किया जाए।



प्रत्येक निर्णय फैक्ट समझ और भौतिक सत्यापन के आधार पर अंकेक्षण टीम लें। टीम यह सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य लाभुक का नाम सूची से नहीं हटे। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य सुधार करना है, नहीं कि किसी लाभुक को उनके अधिकार से वंचित करना। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद मिलती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे सक्रिय रूप से इसमें हिस्सा लें। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण तभी सफल होगा जब इसमें सभी संबंधित विभागों, पंचायत सचिव, प्रतिनिधियों और आम लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। वहीं, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) पियूष ने सामाजिक अंकेक्षण की विस्तृत प्रक्रिया से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 44,452 लाभुकों का अंकेक्षण होना है। इसके लिए आठ सितंबर से 27 नवंबर तक कि अलग -अलग तिथि निर्धारित है। बेरमो प्रखंड में 08 सितंबर, फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में 08 सितंबर, चंद्रपुरा प्रखंड में 09 -10 सितंबर, पेटरवार प्रखंड में 10 से 12 सितंबर, नावाडीह प्रखंड में 12 से 29 अक्टूबर, चंदनकियारी प्रखंड में 18 अक्टूबर से 23 दिसंबर, चास प्रखंड में 25 अक्टूबर से 20 दिसंबर, बोकारो शहरी क्षेत्र में 29 अक्टूबर, चास नगर निगम क्षेत्र में 29 अक्टूबर, जरीडीह प्रखंड में 30 अक्टूबर से 22 नवंबर, कसमार प्रखंड में 22 नवंबर से 19 दिसंबर एवं गोमिया प्रखंड में 25 नवंबर से 27 नवंबर को सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाएगा।

## करमा महोत्सव में 'पाठशाला करमा नृत्य समूह' को मिला तीसरा स्थान



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** हरिना कॉलोनी मैदान में करमा अखरा समिति की ओर से भव्य करमा महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें इस वर्ष सांस्कृतिक विविधताओं की झलक देखने को मिली। करमा नृत्य प्रतियोगिता में कुल 54 नृत्य समूहों ने भाग लिया और पाठशाला की प्रतिभा बच्चियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में पाठशाला करमा नृत्य समूह ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही समिति की ओर से टीम को 2100 रुपये का पुरस्कार और सम्मान-पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, धनबाद और गिरिडीह के सांसद और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल समूह का गौरव है, बल्कि पूरे बाघमारा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने वाली है। कहा कि पाठशाला करमा नृत्य समूह की मेहनत और लगन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं, पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक देव कुमार वर्मा ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया, उसके लिए सभी को बधाई। कहा कि पुरस्कार से उनका उत्साह और बढ़ा है। आने वाले समय में वे झारखंडी संस्कृति और लोककलाओं को और अधिक उन्नति दिलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**
**दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com**

पत्रांक–940/न0प0, दिनांक–01.09.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत चतरा पशु मेला सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–08.09.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–09.09.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा पशु मेला | मेला अवधि तक के लिये | 14,87,500.00 | 1,48,750.00 |

नोटः–1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–08.09.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 360955 Urban Development(25-26).D

**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/05/2025-26 Date – 29-08-2025

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF URBAN HEATH AND WELLNESS CENTRE IN KATSARAIYA AT WARD NO. -25 UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 24,99,000 | 49,980 | 5000 | 9 MONTH |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 08.09.2025 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.09.2025 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 23.09.2025 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 9572100949, 8505948858
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 360933 (Urban Development) 25-26 (D)

# भूकंप से अफगानिस्तान में 800 मौतें, 2500 से ज्यादा हुए घायल

## आधी रात को 6 तीव्रता का भूकंप आया : सोते हुए लोगों को बचने का मौका नहीं मिला

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 6 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गये। शहर में रातभर झटके महसूस किये गये। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। यह राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। इसके बाद सोमवार को 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। ये भूकंप जमीन से 65 किमी नीचे आया। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किये गये। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखायी दे रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ कर 800 हो गयी है।



### भूकंप के बाद लैंडस्लाइड से सड़कें बंद : जबीहुल्लाह

सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि भूकंप से देश के कुछ पूर्वी प्रांतों में गंभीर जान-माल का नुकसान हुआ है। यह पहाड़ी इलाका है। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है, जिससे बचाव और राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। यहां भूकंप के बाद लैंडस्लाइड हुई, जिससे कई सड़कें बंद हो गयी हैं। इन इलाकों में सरकार लोगों को बाहर निकालने के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रही है।

### कुनार का नूरगल सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित गांव

कुनार सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल के निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। आइए हम दबे हुए लोगों को बाहर निकालें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके।

### मदद के लिए चीखते देखा

पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा। नर्गल के माजा दारा इलाके में रहने वाले सादिकुल्लाह ने बताया कि उसकी नींद एक तेज धमाके से खुली, जो किसी बड़े तूफान के आने जैसा लग रहा था। वह दौड़कर अपने बच्चों के पास गया और उनमें से तीन को बचा पाया। वह अपने परिवार के बाकी सदस्यों को लेने के लिए वापस लौटनेवाला था कि कमरा उसके ऊपर गिर गया।

### हताहतों की संख्या और बढ़ेगी

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल इलाके में पहुंच गये हैं। जमान ने कहा कि कई इलाकों से हताहतों की संख्या की सूचना नहीं मिल पायी है। मौतों और घायलों की सूचना मिलने पर संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि जान बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जायेगा।

### हर संभव सहायता और राहत प्रदान करेगा भारत : मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में आये भूकंप पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।

### भारत ने भेजे 1000 तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री

अफगानिस्तान में आये भूकंप के बाद भारत ने तत्परता से राहत सहायता भेजी है। भारत सरकार की ओर से 1,000 फैमिली टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री काबुल पहुंचायी गयी है। इसके अलावा आनेवाले दिनों में और अधिक राहत सामग्री भेजी जायेगी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। भारत ने काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाये हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचायी जा रही है।

# नौकरी में रहने के लिए टीचरों को टीइटी क्वालिफाई करना जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, ऐसा न करने पर इस्तीफा दें या रिटायरमेंट लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को निर्देश दिया है कि अब टीचिंग सर्विस से जुड़े सभी शिक्षकों को अपनी सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी पास करना जरूरी होगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि जिन टीचर्स की नौकरी को 5 साल से ज्यादा बचे हैं, उन्हें टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीइटी) क्वालिफाई करना जरूरी होगा। अगर ऐसा नहीं किया, तो उन्हें इस्तीफा देना होगा या फिर कंपल्सरी रिटायरमेंट लेना होगा।



हालांकि बेंच ने ऐसे टीचर्स को इससे राहत दी है, जिनकी सर्विस में 5 साल ही बचे हैं।

### माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस के लिए बड़ी बेंच करेगी फैसला

कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका फैसला बड़ी बेंच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में टीचिंग के लिए टीइटी की अनिवार्यता से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है।

### क्या है टीइटी एग्जाम

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8 तक) में टीचर बनने के योग्य है या नहीं। यह परीक्षा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा 2010 में अनिवार्य की गयी थी।

# गांवों का भ्रमण कर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं संग बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल कर केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उसका लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन कार्य में समर्पित भाव से सेवा देने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की बुनियाद होते हैं। यही आदर्श संगठन सेवी




कहलाते हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को दायित्व बोध भी कराया। बाद में धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्या का समाधान मौके पर ही किया और कुछ लोगों को जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर श्रीकांत राय, पवन सिंह, लौकेश चौधरी, विनय सिंह, सुबोध नरायण देव, राज नरायण देव और सोहन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# महामना राम स्वरूप वर्मा का जयंती समारोह क्रांति दिवस के रूप में मना



- महामना रामस्वरूप वर्मा के विचारों को अपना कर ही भारत अपना खोया गौरव पा सकता है : डॉ आरके वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** गांधी भवन प्रेक्षागृह में महामना रामस्वरूप वर्मा का जयंती समारोह क्रांति दिवस के रूप में रविवार को मनाया गया। वक्ताओं ने अपने उद्गार में कहा कि दुनिया में बहुत सारे चिंतक एवं दार्शनिक हुए, जिन्होंने मानव कल्याण के लिए कई काम किये, परंतु महामना राम स्वरूप वर्मा ने सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन संबंधी समेकित चिंतन करते हुए मानव मानव की बराबरी का दृढ़ता से समर्थन किया और गैर बराबरी दूर करने के लिए व्यावहारिक उपाय भी बताये।

महामना राम स्वरूप वर्मा का जन्म 22 अगस्त, 1923 को कानपुर देहात में हुआ था। जिनका जन्मदिन मनाने के लिए हमलोग यहां इकट्ठे हुए हैं।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आरके वर्मा, सदस्य विधानसभा ने कहा कि यदि महामना वर्मा के विचारों को भारत अपना ले, तो वह न केवल अपना पूर्व गौरव प्राप्त कर लेगा, बल्कि दुनिया के अंदर मानव समता और मानववाद के लिए देश अग्रणी भूमिका निभायेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि इनका चिंतन न केवल देश के लिए था, बल्कि विश्व के लिए था। समारोह में संत निर्मल सिंह, केपी यादव, एपी यादव, डॉ जगदीश पटेल, हरनाम सिंह, एहसानुल हक, गोकरन लाल मौर्य, जयकरन वर्मा, लोकनाथ पटेल आदि ने महामना को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताया। समारोह का संचालन प्रेमचंद्र सोनी, एडवोकेट एवं अतुल वर्मा, एडवोकेट ने किया।

# मराठा आरक्षण पर बांबे हाइकोर्ट बोला : मुंबई की सड़कें खाली करें

- जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, सरकार नये प्रदर्शनकारियों को आने से रोके

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने आंदोलनकारियों को फटकार लगाते हुए आदेश दिया कि आजाद मैदान को छोड़कर मुंबई की सभी रोड कल दोपहर तक खाली करें।

जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस गौतम अनखड़ की बेंच ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। हाइकोर्ट की बिल्डिंग को घेर लिया गया है। जजों और वकीलों के एंट्री गेट तक बंद हैं। आज तो हाइकोर्ट के जजों की कारों को रोक कर उन्हें कोर्ट आने से रोका गया। बेंच ने कहा कि मुंबई शहर लगभग ठप हो गया है। आम आदमी का जीवन बहाल करने की जरूरत है। शहर को रोका नहीं जा सकता। गणेश



उत्सव भी है। कल (मंगलवार) शाम 4 बजे तक सड़कें खाली करवा ली जायें। कोर्ट ने कहा कि आंदोलनकारियों को महाराष्ट्र सरकार नवी मुंबई में दूसरी जगह दे सकती है। अगर और आंदोलनकारी मुंबई आने की कोशिश करें तो राज्य सरकार उचित कदम उठा कर उन्हें रोके। हाइकोर्ट ने मनोज जरांगे के समर्थकों से कहा कि हालात सुधारे और रास्ता खाली करें। आंदोलन के कारण जाम की स्थिति पर हाइकोर्ट ने कहा कि कल (मंगलवार) तक मुंबई की सभी सड़कें खाली हों। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार तय करें कि सड़कें खाली हों। वहीं अदालत ने प्रदर्शनकारियों को साफ निर्देश दिया है कि सिर्फ पांच हजार प्रदर्शनकारी मैदान में हों और बाकी सभी दोपहर 12 बजे तक जायें। बता दें कि मनोज जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल कर रहे हैं। वे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं।

# जगदीप धनखड़ इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले, अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने दैनिक भास्कर को बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ अभय चौटाला के फार्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं। धनखड़ के करीबी सूत्रों ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं।




# अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 1.86 लाख करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू राजस्व में बढ़ोतरी के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। अगस्त 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने यह संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था।

**अगस्त में सकल घरेलू राजस्व में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि :** अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रह गया। जीएसटी रिफंड साल-दर-




साल 20 प्रतिशत घट कर 19,359 करोड़ रुपये रह गया।

**शुद्ध जीएसटी राजस्व में हुई 10.7 प्रतिशत की वृद्धि :** अगस्त 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 10.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। यह आंकड़ा जीएसटी परिषद की बैठक से दो दिन पहले जारी किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**